


हिन्दी दैनिक

समाचार-पत्र

RNINo.UPHIN/2016/70293

# अमित रेखा

वर्ष 05 | अंक 212 | कुशीनगर | गुरूवार 03 जून, 2021 | पृष्ठ 8 | मूल्य 1 रूपये





## कोरोना से जंगः मुख्यमंत्री योगी बोले...

# छूट का मतलब 'लापरवाही' नहीं



लखनऊ,(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के अधिकतर जिलों में कोरोना कर्फ्यू में छूट के दौरान लोगों द्वारा लापरवाही बरतने पर नाराजगी जाहिर करते हुए बुधवार को कहा इस रियायत का मतलब लापरवाही की छूट होना नहीं है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने यहां बताया कि मुख्यमंत्री ने टीम–9 की बैठक में कहा कोरोना कर्फ्यू से छूट का आशय लापरवाही की छूट होना नहीं है। कई जिलों में लोगों के मास्क न लगाने, बाजारों में अनावश्यक भीड़, सामाजिक दूरी का पालन न करने जैसी जानकारी मिली है। यह स्थिति किसी के लिए भी अच्छी नहीं है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के खिलाफ लड़ाई जीतने के लिए हर एक नागरिक का सहयोग आवश्यक है।

उन्होंने कहा ''पुलिस प्रशासन को सक्रियता बढ़ाने की जरूरत है। लोगों को जागरूक भी करें, साथ ही गश्त, निरीक्षण और जरूरत पड़ने पर दंडात्मक कार्रवाई भी की जानी चाहिए। सभी जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक शासन द्वारा जारी आदेशों का प्रतिबद्धतापूर्वक अक्षरशः पालन सुनिश्चित कराएं।'' योगी ने हिदायत दी कि कोरोना कर्फ्यू से जुड़े नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए। उन्होंने कहा कि रात्रिकालीन बन्दी को प्रभावी बनाने के लिए शाम छह बजे से ही पुलिस और स्थानीय प्रशासन सक्रिय हो जाएं और कहीं भी भीड़ की स्थिति न बने। उन्होंने कहा '' प्रदेश ने आज पांच करोड़ कोविड जांच का नया कीर्तिमान बनाया है। इतनी जांच किसी भी अन्य राज्य द्वारा नहीं की गईं। कोरोना संक्रमण की रोकथाम में ट्रेसिंग–टेस्टिंग के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए उत्तर प्रदेश ने प्रारंभ से ही आक्रामक नीति अपनाई है। यही कारण है कि आज प्रदेश में स्थिति नियंत्रण में है।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि एक जून से राज्य के सभी 75 जिलों में शुरू हुए 18 साल और उससे अधिक उम्र के लोगों के टीकाकरण अभियान में लोगों की भागीदारी उत्साहजनक है। उन्होंने कहा कि इस महाभियान के पहले दिन एक जून को साढ़े पांच हजार केंद्रों पर 3,42,000 से अधिक लोगों ने टीका लगवाया।




### 64 जिलों में 600 से कम एक्टिव केस रह गए हैं

लखनऊ।मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना को लेकर प्रदेश में स्थिति तेजी से बेहतर हो रही है। हमारे 64 जिलों में 600 से कम एक्टिव केस रह गए हैं। ऐसे में मेडिकल कॉलेजों और स्वास्थ्य विभाग के अस्पतालों में सीमित संख्या के साथ जनरल ओपीडी का प्रारंभ किया जाए। ओपीडी में आने के लिए मरीज का समय पूर्व निर्धारित हो। अपॉइंटमेंट सिस्टम अनावश्यक भीड़ को रोकने में कारगर होगा। इमरजेंसी सेवाएं 24×7 जारी रखी जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑक्सीजन की मांग, आपूर्ति और खर्च में संतुलन बनाने के लिए कराए जा रहे ऑक्सीजन ऑडिट के अच्छे परिणाम मिले हैं। सतत नियोजित प्रयासों का ही परिणाम है कि आज अधिकांश मेडिकल कॉलेजों और रिफिलर्स के पास में 03 से 04 दिन का ऑक्सीजन बैकअप हो गया है। बीते 24 घंटों में 454.7 मीट्रिक टन ऑक्सीजन का वितरण किया गया है। औद्योगिक इकाइयों को ऑक्सिजन के उपयोग की अनुमति दी जा चुकी है।



कोरोना कर्फ्यू में ढील के बाद लोग पिकनिक मनाने के लिए पहाड़ों का रुख कर रहे हैं। शहर व आसपास के गांवों के लोग इन दिनों कालमस्तर, लिडना, कुननब्रुन और यहां की सबसे ऊंची पहाड़ी नानिशीरू जा रहे हैं। नानिशीरू में पहाड़ अभी भी बर्फ से लकदक हैं। इन खूबसूरत पहाड़ों के मनमोहक दृश्य मन को शांति देते हैं।

# पीएम और उपराष्ट्रपति ने तेलंगाना स्थापना दिवस की बधाई दी

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना के स्थापना दिवस पर राज्य के लोगों को बुधवार को बधाई दी और कहा कि यह राज्य अनूठी संस्कृति और मेहनती लोगों से समृद्ध है जिन्होंने कई क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। आंध्र प्रदेश से अलग होने के बाद तेलंगाना को 2014 में इसी दिन राज्य का दर्जा दिया गया था। मोदी ने ट्वीट किया, "राज्य के स्थापना दिवस पर तेलंगाना के लोगों को शुभकामनाएं। राज्य अनूठी संस्कृति और मेहनतकश लोगों से धन्य है जिन्होंने कई



क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल की है। तेलंगाना के लोगों के अच्छे स्वास्थ्य एवं कुशलता की प्रार्थना करता हूं।" उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने भी राज्य के लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में सदियों पुरानी परंपराएं अस्तित्व में हैं और यह अपने समृद्ध इतिहास, विविधतापूर्ण सांस्कृतिक विरासत तथा वास्तु भव्यता के लिए प्रसिद्ध है। नायडू ने कहा, "राज्य और उसके सक्षम लोगों ने राष्ट्र के विकास के प्रति बहुत योगदान दिया है। राज्य की प्रगति एवं समृद्धि तथा उसके लोगों की कुशलता के लिए मेरी शुभकामनाएं।

# गंगा नदी में तैरते शवों को निकालने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका

## कड़ी कार्रवाई की मांग



नई दिल्ली, एजेन्सी। कोरोना महामारी के दौरान गंगा नदी में तैरते शवों को हटाने को लेकर उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर की गई है। इसमें केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश और बिहार समेत चार राज्यों को शवों को हटाने के लिए तत्काल कदम उठाने का निर्देश देने की मांग की गई है। याचिका में उत्तर प्रदेश और बिहार में गंगा नदी में तैरते हुए शवों का हवाला देते हुए शीर्ष अदालत से दिशानिर्देश जारी कर वायरस पीड़ितों के शवों का सम्मानजनक दाह संस्कार या दफनाने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने का आग्रह किया गया है। यूथ बार एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा दायर याचिका में मुख्य सचिवों और जिलाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश देने की मांग की गई है कि किसी भी आधार पर किसी भी शव को नदी में फेंकने की अनुमति नहीं दी जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। अधिवक्ता मंजू जेटली के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है।

# गोंडा में सिलेंडर ब्लास्ट में दो मकान ढहे, 8 लोगों की मौत 14 घायल

गांडा,(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में पिछले कई दिनों से दर्दनाक खबरें आ रही हैं। 2 जून की रात भी एक परिवार सुकुन से सोने के लिए गया लेकिन एक हादसे ने परिवार को उजाड़ कर रख दिया। उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में सिलेंडर फटने से दो मंजिला इमारत की छत गिरने से आठ लोगों की मौत हो गई और 14 घायल हो गए। ये हादसा गोंडा वजीरगंज क्षेत्र के टिकरी गांव में बीती रात को हुआ। मौके पर पहुंचे बचाव कार्य करने वालों ने अब तक आठ शवों को मलबे से निकाल लिया है। 14 लोग काफी गंभीर रुप से घायल है। सिलेंडर ब्लास्ट इतना जोरदार था कि उसकी आवाज से पूरी घर हिल गया और घर की छत गिर गयी। घायलों को नवाबगंज के जन स्वास्थ्य केंद्र ले गए। गोंडा के पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने कहा, ष्घर की छत गिरने से 14 लोग फंस गए थे। तीन बच्चों और




दो महिलाओं सहित 8 लोगों की मौत हो गई।ष् योगी सरकार ने भी सिलेडंर ब्लास्ट के कारणों की जांच के आदेश दिए हैं। जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही ने बुधवार को बताया कि थाना क्षेत्र के टिकरी ग्राम पंचायत के ठठेर पुरवा निवासी नूरुल हसन के घर में मंगलवार देर रात रसोई गैस सिलेंडर फट गया जिससे दो मंजिला मकान धराशायी हो गया।

मकान के मलबे में दबकर आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर भेज दिया गया है। शाही ने बताया कि मृतकों में निसार अहमद (35), रुबाना बानो (32), शमशाद (28), मेराज (11), सायरुन्निशां (35), नूरी सबा (12), मो. शोएब (दो) तथा एक अन्य व्यक्ति शामिल है। घायलों में इरशाद (40), गुलनाज बानो (22), रेहान अहमद (11), नूरुल हसन (60), जैद (आठ), अलीशा (32) व मीजान (12) शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि सूचना मिलने के बाद कई थानों की पुलिस रात में ही मौके पर पहुंच गई और राहत व बचाव कार्यों में जुट गई।

## BREAKING NEWS

### उद्धव ठाकरे ने 12वीं कक्षा की सीबीएसई बोर्ड परीक्षाएं रद्द किये जाने का स्वागत किया

मुंबई,(एजेंसी)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को कोविड–19 महामारी के चलते देशभर में 12वीं कक्षा की सीबीएसई बोर्ड परीक्षाएं रद्द करने के केन्द्र सरकार के फैसले का स्वागत किया। राज्य के संचार विभाग की ओर से यहां जारी एक बयान में कहा गया है कि ठाकरे ने इस निर्णय के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि छात्रों के हितों और छात्रों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों के बीच व्याप्त चिंताओं के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। सीबीएसई ने कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में वृद्धि के चलते 14 अप्रैल को 10वीं की परीक्षाएं रद्द और 12वीं के इम्तिहान स्थगित करने की घोषणा की थी।

### दिल्ली में सामान्य से कम रहा न्यूनतम तापमान, हल्की बारिश का अनुमान

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। दिल्ली में बुधवार की सुबह न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री कम 22.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शाम तक हल्की बारिश होने का अनुमान व्यक्त किया है। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 17.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से 10 डिग्री और जून के महीने में अब तक का सबसे कम न्यूनतम तापमान था। पश्चिमी विक्षोभ के असर से हुई बारिश, बादल गरजने और तेज हवाओं के कारण तापमान में यह गिरावट दर्ज की गई। शहर में अधिकतम तापमान बुधवार को करीब 36 डिग्री सेल्सियस के आस–पास रहने का अनुमान है। यह मंगलवार को सामान्य से सात डिग्री कम, 33.6 डिग्री सेल्सियस था। मौसम विभाग के क्षेत्रीय पूर्वानुमान केंद्र के प्रमुख कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि दिल्ली में 17 जून, 2006 को न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। आईएमडी ने बुधवार को आसमान पर आंशिक रूप से बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश और बादल गरजने का अनुमान व्यक्त किया है। दिल्ली ने मई के महीने में औसत अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया था जो 13 वर्ष में सबसे कम था। मौसम विभाग के मुताबिक, यह 2014 से पहली बार था जब सफदरजंग वेधशाला ने मॉनसून से पहले की अवधि में लू नहीं दर्ज की। श्रीवास्तव ने बताया कि पहले तो लगातार पश्चिमी विक्षोभों के कारण तापमान कम रहा और फिर चक्रवात ताउते के चलते "रिकॉर्ड" बारिश हुई। यह 2011 के बाद से भी पहली बाार था जब पालम वेधशाला ने भी मॉनसून से पहले की इस अवधि में लू चलना नहीं दर्ज किया। आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक, शहर ने पिछले साल अगस्त के बाद से हर महीने, मौसम के किसी न किसी रिकॉर्ड को तोड़ा है।

### केंद्र की ढुलमुल नीति से टीकाकरण अधर में, मुफ्त में टीका लगाया जाना सुनिश्चित होः कांग्रेस

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। कांग्रेस ने देश के सभी नागरिकों को कोविड रोधी टीका मुफ्त में लगाए जाने की मांग करते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की ढुलमुल नीति की वजह से टीकाकरण अधर में लटक गया है। मुख्य विपक्षी पार्टी ने मुफ्त टीकाकरण की पैरवी करते हुए विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर 'स्पीक–अप फॉर फ्री यूनिवर्सल वैक्सीनेशन' हैशटैग से अभियान चलाया है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने इस अभियान के तहत ट्वीट किया, ''कोरोना वायरस महामारी के खघ्लिाफ सबसे मजबूत सुरक्षा कवच सिर्फ टीका है। देश के जन–जन का मुफ्त टीकाकरण करने के लिए आप भी आवाज उठाइये– केंद्र सरकार को जगाइये!'' कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने फेसबुक पोस्ट में कहा, ''आज देश में प्रतिदिन औसतन 19 लाख लोगों को टीका लग पा रहा है। केंद्र सरकार की ढुलमुल टीका नीति ने टीकाकरण को अधर में लाकर छोड़ दिया है।'' उन्होंने दावा किया, ''भारत के लोगों ने आशा की थी कि सबके लिए मुफ्त टीका की नीति बनेगी लेकिन केंद्र सरकार ने दिया क्या? टीकाकरण केन्द्रों पर ताले, एक देश में टीके के 3 दाम, अभी तक मात्र 3.4 प्रतिशत आबादी का पूर्ण टीकाकरण, जिम्मेदारी त्याग कर भार राज्यों पर डालना। दिशाहीन टीका नीति।'' कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद ने एक वीडियो जारी कहा, ''एक टीका ही है जो पूरी दुनिया को और भारत को कोविड से बचा सकता है। इसलिए हमारी मांग है कि देशवासियों को मुफ्त में टीका लगाया जाना चाहिए।'' पार्टी के कई अन्य नेताओं ने भी इस अभियान के तहत मुफ्त टीकाकरण की मांग उठाई।

### अशोक गहलोत का बयान, कहा- निःशुल्क टीकाकरण सभी देशवासियों का हक

जयपुर,(एजेंसी)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को कहा कि कोरोना वायरस प्रतिरक्षण के लिए निरूशुल्क टीकाकरण सभी का हक है। गहलोत ने कांग्रेस पार्टी द्वारा देशवासियों के निःशुल्क टीकाकरण के लिए सोशल मीडिया पर चलाए जा रहे अभियान का समर्थन करते हुए यह बात कही। गहलोत ने ट्वीट किया ''निःशुल्क टीकाकरण सभी देशवासियों का हक है। जितना शीघ्र हो सके, सभी का निरूशुल्क टीकाकरण हो, यह अत्यंत आवश्यक है।'' कांग्रेस ने, केंद्र सरकार से सभी देशवासियों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव का टीका निरूशुल्क लगवाने की मांग करते हुए सोशल मीडिया पर अभियान चलाया है।

## सम्पादकीय........

## बस्तर की त्रासदी के सबक

अप्रैल के पहले सप्ताह में सर्च ऑपरेशन के लिए गये सुरक्षा बलों पर माओवादियों ने हमला किया था, जिसमें 22 जवान शहीद हुए थे. यह बस्तर की पहली घटना नहीं थी. पिछले दो दशकों से बस्तर संभाग हिंसा से ग्रस्त है. बस्तर में सेना की तैनाती देश की सीमा पर तैनाती से कम नहीं है. कोरोना की भयावह त्रासदी में भी वहां मुठभेड़ और हिंसा की घटनाएं हो रही हैं। इसी साल 17 मई को सुकमा जिले के सिलंगेर गांव में सीआरपीएफ कैंप का विरोध कर रहे निहत्थे प्रदर्शनकारी आदिवासियों पर पुलिस ने गोली चलायी, जिसमें तीन आदिवासी मारे गये. कुछ दिन बाद गोलीबारी के दौरान भगदड़ में घायल एक गर्भवती आदिवासी महिला की भी मौत हो गयी। अब तक उस क्षेत्र में पुलिस–प्रशासन और आदिवासी जनता के बीच तनाव बना हुआ है. बस्तर के आदिवासी अपने हक के लिए गोलबंद होते रहे हैं, लेकिन इस बार पहले से ज्यादा मुखर हैं. सिलंगेर घटना के विरोध में 15000–20000 की संख्या में आदिवासी लगातार सभाएं कर रहे हैं. आदिवासी गांव से सीआरपीएफ कैंप को हटाने की मांग पर अड़े हैं। बस्तर में सीआरपीएफ कैंप के प्रति आदिवासी समाज की नाराजगी बहुत ज्यादा है. उनका आरोप है कि कैंप लगने से आदिवासियों का जनजीवन प्रभावित होता है. जंगलों में निर्बाध आवाजाही पर रोक लगती है, क्योंकि पुलिस वाले नक्सली के नाम पर उनसे मारपीट करते हैं. प्रशासन आश्वासन दे रहा है कि यह कैंप उनके विकास के लिए है. जब तक कैंप नहीं बनेगा, तब तक वहां न सड़क बन सकती है और न ही कोई प्रशासनिक काम संभव होगा, क्योंकि माओवादी इन कार्यों में बाधा पहुंचाते हैं, लेकिन आदिवासियों का कहना है कि हमें विकास चाहिए, स्कूल, अस्पताल और आंगनबाड़ी चाहिए, लेकिन पुलिस कैंप नहीं चाहिए। आदिवासी संविधान की पांचवीं अनुसूची और पेसा अधिनियम–1996 का हवाला देकर कह रहे हैं कि उनकी जमीन पर ग्रामसभा की अनुमति के बिना कैसे कोई कैंप लगाया जा रहा है? इस बीच उच्च अधिकारियों और आदिवासियों के बीच बैठक भी हुई. बैठक में आदिवासियों ने तीन मृतकों को दिये गये मुआवजे की रकम 30,000 रुपये को यह कहते हुए लौटा दिया कि उनकी जान की कीमत इतनी कम नहीं है। इससे आदिवासियों के गुस्से को समझा जा सकता है. सिलंगेर में जिस जगह गोलीबारी हुई थी, वहां आदिवासियों ने शहीद स्मारक बना दिया है. सवाल है कि पुलिस और आदिवासी क्यों आमने–सामने हैं? वर्तमान में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है. जब भाजपा की सरकार थी, तब कांग्रेस आदिवासियों के उत्पीड़न का आरोप सरकार पर लगाती थी. कांग्रेस ने चुनाव में इसे अपने मुख्य एजेंडे में भी शामिल किया था. अब कांग्रेस की सरकार होने के बावजूद आदिवासियों में तीखा असंतोष है, क्योंकि कांग्रेस ने अब तक ऐसी कोई नीति पेश नहीं की है, जिससे आदिवासियों के प्रति संवेदना प्रकट हो. सिलंगेर की घटना का वीडियो उपलब्ध है, जिसमें हजारों की संख्या में मौजूद आदिवासी कह रहे हैं कि उनकी आंखों के सामने निहत्थे लोगों को गोली मारी गयी है. इसके बावजूद सरकार ने दंडाधिकारी स्तर पर जो जांच समिति गठित की, उसमें पुलिस की गोली से आदिवासियों की मौत का उल्लेख तक नहीं है। मारे गये आदिवासियों को बिना किसी जांच के नक्सली कहा गया. जब विरोध बढ़ा, तो उनके लिए मुआवजे की घोषणा की गयी।

## आज का राशिफल

मेष :– बुद्धिमत्ता द्वारा प्रत्येक दिशा में स्वयं को पारंगत सबित करेंगे। भौतिकता की लोलुपतावश दूसरों के चढ़ाने में आकर अपनी आर्थिक क्षति कर सकते हैं। जीवन साथी से कुछ मुद्दों पर वैचारिक मतभेद संभव।

बृषभ :– अपनी भावुकता पर नियंत्रणरखें। हर रिश्ते में अपने अनुकूल अपेक्षा रखना आपकी सबसे बड़ी मूर्खता है। माता के स्वास्थ के प्रति कुछ चिंन्ताएं होंगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

मिथुन :– भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं। कुछ अच्छे आसारों से मन प्रसन्न होगा। रोजगार में अच्छे लाभ के आसार बनेंगे। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

कर्क :– भौतिक–सुख साधन में व्यय के आसार हैं। रोजगार में अच्छी आशाएं प्रसन्नता लाएंगी किंतु पारिवारिक चिंताओं से मन ग्रसित होगा। आंतरिक प्रतिभाओं द्वारा सगे–संबंधों में प्रभावी बनेंगे।

सिंह :– घरेलू दायित्वों की पूर्ति हेतु सक्रियता से आपकी महत्ता बढ़ेगी। अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बने। पूजा–पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। कार्यक्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी। आलस्य त्यागें।

कन्या :– भौतिकता के आधार पर थोड़ा असंतोष हो सकता है। सगे–संबंधों में व्यवहार कुशल बने। कुछ नयी अभिलाषाएं आपको हतोत्साहित करेंगी। पारिवारिक वातावरण उत्साहित रहेगा।

तुला :– दुविधाओं को त्याग सही और स्वच्छ योजनाओं की ओर केंद्रित हों। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है किंतु भावनात्मक अपेक्षाएं कष्ट की जननी बनेंगी।

वृश्चिक :– निकट संबंधों में मधुर वाणी का प्रयोग करें। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। कार्यक्षेत्र में लोकप्रियता बढ़ेगी। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा।

धनु :– दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीन भावना न आने दें। बाहर की दुनिया में समय देने से अच्छा है कि थोड़ा घर में समय देने की चेष्टा करें। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी।

मकर :– भावनाओं पर नियंत्रणरख दायित्वों के प्रति सजग हों। अच्छी योजनाओं द्वारा महत्वपूर्ण कायरें को समयानुकूल पूर्ण करने में सक्षम होंगे। धनागम के नेे स्रेत बनेंगे। परिवार में खुशहाल स्थिति रहेगी।

कुंभ :– किसी महत्वपूर्ण दायित्व की कुशल पूर्ति हेतु समुचित साधन व्यवस्था के लिए मन चिंतित होगा। नौकरी–पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

मीन :– राजनीति से जुड़े लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी किंतु सामाजिक मर्यादा का ध्यान रखें।

# चीन का श्रीलंका पर कसता शिकंजा

**विजय चौधरी**

*भौगोलिक स्थिति के कारण दक्षिण एशिया में श्रीलंका का सामरिक एवं आर्थिक दृष्टिकोण से अत्यधिक महत्व है. फिलहाल दक्षिण एशिया के समुद्री क्षेत्र में हांगकांग एवं दुबई दो स्थापित अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक अड्डे हैं जाहिर तौर पर, कोलंबो पोर्ट सिटी को इन दोनों के मुकाबले अंतरराष्ट्रीय व्यापार का बेहतर एवं ज्यादा उपयोगी केंद्र बनाने की योजना है। चीन द्वारा ऋण–जाल की सोची–समझी नीति खुल्लमखुल्ला अपनायी जा रही है इसके तहत विकासशील देशों में आधारभूत संरचना के निर्माण एवं विकास के लिए आसान किस्तों पर ऋण उपलब्ध कराया जाता है फिर संबंधित देश द्वारा अपनी कमजोर अर्थव्यवस्था के कारण ऋण अदायगी में देर करने पर अपनी प्रभाव क्षमता का इस्तेमाल कर नवसृजित परिसंपति के प्रबंधन एवं स्वामित्व का अधिकार चीन द्वारा हासिल कर लिया जाता है।*

श्रीलंका की संसद में 25 मई को कोलंबो पोर्ट सिटी इकोनॉमिक कमिशन बिल पारित हो गया. इसके तहत समुद्र किनारे भूमि–उद्धार कर 269 हेक्टेयर क्षेत्र को देश का पहला विशेष आर्थिक क्षेत्र घोषित कर दिया गया है. इसमें से 153 एकड़ भूमि को चीन की चाइना हार्बर कंपनी को 99 साल के लिए लीज पर दिया जायेगा। इस भूमि को 140 करोड़ डॉलर (लगभग 10,000 करोड़ रुपये से अधिक) का चीनी ऋण–निवेश कर एक अंतरराष्ट्रीय महत्व के बंदरगाह एवं वैश्विक आर्थिक केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना है. श्रीलंका में इस बिल को लेकर शुरू से काफी विवाद रहा है एवं आशंका व्यक्त की जा रही है कि इससे देश की राजधानी कोलंबो के अंदर एक तरह से नये चीनी प्रांत की स्थापना हो जायेगी। इसके पूर्व 2017 में ही कोलंबो के निकट हम्बनटोटा बंदरगाह विकसित करने के लिए एक चीनी कंपनी को 99 वर्षों के लीज पर दिया गया था एवं धीरे–धीरे उसका प्रबंधन एवं प्रशासन चीन के हाथ में चला गया. इसे पूरी दुनिया ने साम्राज्यवादी कदम करार दिया था. वर्तमान बिल के प्रावधान उससे भी ज्यादा खतरनाक है, क्योंकि इस विशेष आर्थिक क्षेत्र का शासन एवं प्रबंधन राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत एक आयोग को दिये जाने का प्रावधान है। इस आयोग का गठन एवं क्रिया–कलाप पूर्ण रूप से चीन के दिशा–निर्देशन में चलने की संभावना है. श्रीलंका के लोग मानते हैं कि यह श्रीलंकाई संविधान एवं कानून से बिल्कुल असंगत प्रावधान किया गया है. वास्तव में, इसके जरिये चीन वहां अपना शासन चलाने की तैयारी में है. गौरतलब है कि समुद्री सिल्क परियोजना के नाम से चर्चित यह योजना चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की तथाकथित अति महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड परियोजना का हिस्सा है। इसे चीन एवं श्रीलंका की साझा दूरगामी प्रभाववाली योजना के रूप में क्रियान्वित किया जा रहा है. भौगोलिक स्थिति के कारण दक्षिण एशिया में श्रीलंका का सामरिक एवं आर्थिक दृष्टिकोण से अत्यधिक महत्व है. फिलहाल दक्षिण एशिया के समुद्री क्षेत्र में हांगकांग एवं दुबई दो स्थापित अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक अड्डे हैं. जाहिर तौर पर, कोलंबो पोर्ट सिटी को इन दोनों के मुकाबले अंतरराष्ट्रीय व्यापार का बेहतर एवं ज्यादा उपयोगी केंद्र बनाने की योजना है। चीन द्वारा ऋण–जाल की सोची–समझी नीति खुल्लमखुल्ला अपनायी जा रही है. इसके तहत विकासशील देशों में आधारभूत संरचना के निर्माण एवं विकास के लिए आसान किस्तों पर ऋण उपलब्ध कराया जाता है. फिर संबंधित देश द्वारा अपनी कमजोर अर्थव्यवस्था के कारण ऋण अदायगी में देर करने पर अपनी प्रभाव क्षमता का इस्तेमाल कर नवसृजित परिसंपत्ति के प्रबंधन एवं स्वामित्व का अधिकार चीन द्वारा हासिल कर लिया जाता है. इसलिए माना जा रहा है कि इस कदम से श्रीलंका चीनी उपनिवेश बनने के मार्ग पर बढ़ चला है. इस बिल के पास होने से पहले श्रीलंकाई संविधान के प्रावधान के अनुसार इसके विरूद्ध 19 आवेदन वहां के उच्चतम न्यायालय में दाखिल किये गये. इन आवेदनों में सबसे गंभीर आरोप संप्रभुता से समझौता करने का लगा, पर इन्हें नजरअंदाज कर चीनी दबाव में संसद ने बिल पास कर दिया। पूर्व राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना के हटने के बाद राजपक्षे भाइयों (महिंदा राजपक्षे प्रधानमंत्री एवं गोटबाया राजपक्षे के राष्ट्रपति के रूप में) के सत्तासीन होने के बाद से ही चीन से श्रीलंका के संबंध प्रगाढ़ होने लगे हैं. अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में राजपक्षे का झुकाव चीन की तरफ शुरू से ही स्पष्ट रहा है। सिरिसेना के समय एक संतुलित नीति अपनाने का प्रयास किया गया था, परंतु इसमें वे सफल नहीं हो पाये. इस बिल की अहमियत एवं दोनों देशों के गहराते रिश्तों का आकलन इस आधार पर भी किया जा सकता है कि अप्रैल के अंत में जब श्रीलंका सहित पूरे दक्षिण एशिया में कोरोना संक्रमण चरम पर था एवं आम यातायात प्रतिबंधित थे, ऐसे समय में चीनी रक्षा मंत्री का श्रीलंका दौरा हुआ. इसमें इस बिल के साथ भविष्य की रणनीति पर दोनों भाइयों के साथ गहन मंत्रणा हुई. बातें जिस रूप में बढ़ रही हैं, कोलंबो को चीन का सैनिक अड्डा बनने से कोई रोक नहीं सकेगा। स्वाभाविक रूप से भारत के लिए यह मामला संवेदनशील ही नहीं, बल्कि चिंता का विषय है. चीन से भारत के रिश्ते जगजाहिर हैं. हाल के दिनों में गलतफहमी और तनाव में इजाफा ही हुआ है. अक्साईचिन, लद्दाख, अरुणाचल एवं अन्य क्षेत्रों में भूमि विवाद के कारण चीन शुरू से ही भारत के प्रति वैमनस्य रखता है. विश्व व्यापार एवं अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में चीन का अमेरिका के साथ भी मतांतर एवं विरोध सीधे तौर पर है, लेकिन एक सशक्त पड़ोसी के रूप में भारत पर चीन हमेशा वक्रदृष्टि रखता है। साथ ही, सियाचिन से लेकर गलवान घाटी तक समय–समय पर भारत की बांह मरोड़ने की असफल कोशिश भी करता है. दक्षिण एशिया में शक्ति संतुलन बनाये रखना भारत के लिए अनिवार्य है. इसके लिए कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों, यथा–सार्क, आसियान, बिम्सटेक आदि के गठन एवं क्रियाकलाप में भारत नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभा रहा है। क्वाड समूह (भारत, जापान, आस्ट्रेलिया एवं अमेरिका) के गठन में अहम भूमिका से भारत की स्थिति सुदृढ़ हुई है. इन सब कारणों से भी भारत चीन की आंखों की किरकिरी बना हुआ है. इस बिल के पास होने से अपने पिछवाड़े में चीन की जबरदस्त सामरिक उपस्थिति की संभावना से भारत का भविष्य के लिए सशंकित होना लाजिमी है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम में पाकिस्तान, उत्तर में नेपाल एवं तिब्बत, पूर्व में बांग्लादेश और दक्षिण में श्रीलंका– इन सब देशों में चीन व्यापारिक समझौतों एवं ऋण–जाल की नीति से अपनी उपस्थिति एवं ताकत मजबूत कर रहा है. भारत पिछले कई दशकों से चीन के साथ मैत्रीपूर्ण एवं शांतिपूर्ण सहजीविता के आधार पर अच्छा पारस्परिक रिश्ता कायम रखना चाहता है, जबकि चीन हमेशा भारत को क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखता है। इस परिप्रेक्ष्य में भारतीय विदेश नीति की बड़ी परीक्षा सामने है. इस महाद्वीप एवं आसपास के क्षेत्र में चीन के कसते शिकंजे पर नजर रखने एवं उससे जूझने के लिए उपयुक्त कूटनीति अपनाने की प्राथमिकता होनी चाहिए. स्वाभाविक रूप से पड़ोसी मुल्कों के साथ कूटनीतिक विश्वसनीयता एवं रिश्तों की मजबूती के प्रयास से अपनी स्थिति सुदृढ़ करनी होगी. कूटनीति में संवाद का अपना महत्व होता है. संवादहीनता स्थिति को बदतर बनाती है. इस कारण चीन से भी पूर्ण सतर्कता से बातचीत जारी रखना होगा. भविष्य में दक्षिण एशिया एवं विशेष रूप से भारतीय उपमहाद्वीप में शांति कायम रखना ही राष्ट्रहित में उचित होगा।



# सात सालः गरीबों का जीना मुहाल

**राजेंद्र शर्मा**

नीति बनाने वालों को हकीकत का पता होना चाहिए। आप डिजिटल इंडिया का नाम लेते हैं, पर ग्रामीण इलाकों में हालात अलग हैं। यह देखना चाहिए कि देश भर में क्या हो रहा है? झारखंड का श्रमिक, राजस्थान में कैसे रजिस्ट्रेशन कराएगा। ये शब्द देश के सर्वोच्च न्यायालय के हैं। सर्वोच्च न्यायालय की तीन सदस्यीय खंड पीठ ने, जिसकी अध्यक्षता जस्टिस चंद्रचूड़ कर रहे थे, कोविड–19 के संबंध में टीकाकरण समेत जरूरी चीजों के मामले में केंद्र सरकार की नीति तथा उसके निर्णयों के संबंध में, स्वतः संज्ञान लेकर की जा रही सुनवाई के क्रम में, मई के आखिरी दिन हुई अपनी ताजातरीन सिटिंग में यह टिप्पणी की। यह टिप्पणी टीके लगवाने के लिए और खासतौर पर टीकाकरण के वर्तमान चरण में जब अठारह वर्ष तक आयु के सभी लोगों के लिए टीकाकरण खोल दिया गया है, केंद्र सरकार के कोविन पोर्टल पर पहले रजिस्ट्रेशन कराने के जरिए स्लॉट हासिल करना अनिवार्य किए जाने के संदर्भ में की गई थी। वैसे सर्वोच्च न्यायालय ने अपनी इसी सिटिंग के दौरान टीकों के मुद्दे के और भी कई पहलुओं पर टिप्पणियां की हैं, जो न सिर्फ महत्वपूर्ण हैं बल्कि केंद्र सरकार की नीति तथा निर्णयों की वैधता पर, गंभीर सवाल भी उठाती हैं। यहां हम इनमें से दो पहलुओं का जिक्र करने तक ही खुद को सीमित रखेंगे। इनमें एक का संबंध टीकों की खरीद की जिम्मेदारी या नीति से है। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा है कि टीके खरीदने के लिए राज्य तथा महानगरनिगम ग्लोबल टेंडर निकाल रहे हैं। एक दूसरे से प्रतिस्पर्द्घा कर रहे हैं। क्या केंद्र की यही नीति है? इस सिलसिले में अदालत ने केंद्र सरकार को याद दिलाया कि, श्संविधान कहता है कि भारत राज्यों का संघ है। संघीय व्यवस्था के तहत केंद्र को टीकों का अधिग्रहण कर राज्यों को देना चाहिए। राज्यों का अधर में नहीं छोड़ सकते।श दूसरा पहलू है, टीकों के लिए केंद्र और राज्यों के लिए लगाए जा रहे, अलग–अलग दामों का। अदालत ने पूछा कि, केंद्र खुद सस्ते दाम पर टीका खरीद रहा है। बाकी 50 फीसद टीकों के दाम कंपनियां खुद तय कर रही हैं। इसका क्या मतलब है? केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए सोलिसिटर जनरल, तुषार मेहता ने अदालत से इस पहलू में नहीं जाने का आग्रह करते हुए यह दलील दी कि, श्मैं अदालत से गंभीरता से आग्रह करता हूं कि टीके के दाम की जांच में न जाए क्योंकि इससे टीकाकरण कार्यक्रम प्रभावित होगा।श लेकिन, इस दलील को अमान्य करते हुए अदालत ने स्पष्टड्ढ किया कि श्हम इस नीति का औचित्य जानना चाहते हैं, जिसमें केंद्र को टीका सस्ता मिल रहा है और राज्य के लिए अलग दाम है। केंद्र सरकार की ओर से मेहता द्वारा दी गई यह दलील सुर्प्रीम कोर्ट को पर्याप्त नहीं लगी लगती है कि, श्केंद्र ज्यादा टीके लेता है, इसलिए कीमत कम है। केंद्र ने उत्पादकों से बात कर के दाम तय किए हैं। वास्तव में यह दलील तो इसे और भी जरूरी ही साबित करती है कि केंद्र सरकार ही देश–विदेश के टीका उत्पादकों से जाहिर है कि अनुकूलतम दाम पर टीके खरीदे और राज्यों के बीच उनका वितरण करे। याद रहे कि इसकी मांग विपक्षी मुख्यमंत्रियों के अलावा अब तो शिवराज सिंह चौहान जैसे भाजपायी मुख्यमंत्री भी कर रहे हैं। बहरहाल, हम सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सरकार के लिए की गई उस याददिहानी पर लौटें, जिसे इस टिप्पणी की शुरूआत में उद्घृत किया गया है। यह याददिहानी क्या देश के मौजूदा शासन के चरित्र के संबंध में बल्कि कहना चाहिए कि मोदी के राज के सात साल में देश के शासन का जो हाल कर दिया गया है उसके संबंध में, बहुत ही मारक टिप्पणी नहीं है? बेशक, अब भी देश में इस माने में जनतंत्र है कि मौजूदा सरकार को पांच साल के लिए जनता के वोट से चुना गया है। यह खैर दूसरा ही सवाल है कि क्या यह फैसला, जनता के वोट के बहुमत का भी प्रतिनिधित्व करता है या सिर्फ इस वोट के सभी हिस्सों में से सबसे बड़े हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। इसी निर्वाचितता के बल पर यह सरकार अपने दुनिया के सबसे विशाल जनतंत्र की सरकार होने का ढोल पीटती नहीं थकती है। लेकिन, जनता के वोट से निर्वाचित सरकार को, गैर–निर्वाचित न्यायपालिका को यह याद दिलाना पड़ रहा है कि, नीति बनाने वालों को हकीकत का पता होना चाहिए. ..यह देखना चाहिए कि देश भर में क्या हो रहा है! इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी? और देश का शासन चलाने वालों को यह याद दिलाने की जरूरत पड़ रही है, एक जानलेवा महामारी के संदर्भ में यानी ऐसे मामले में जहां सीधे–सीधे लोगों की जिंदगियां दांव पर लगी हुई हैं। यह मोदी राज में बनी जनतंत्र की भयंकर दुर्गति के बारे में काफी कुछ कह देता है। बेशक! जनतंत्र की ऐसी दुर्गति में मोदी से पहले केंद्र में आई सरकारों का और खासतौर पर पिछले तीन दशक से चल रहे नवउदारवादी नीतियों के बोलबाले के दौर में आई दूसरी सरकारों का भी, कुछ न कुछ योगदान रहा है। फिर भी चुनावी जनतंत्र के खोल के बने रहते हुए भी, देश की सरकार और शासन को आम जनता और खासतौर पर मेहनतकशों की चिंता से ऐसी आजादी, मोदी राज के सात साल ने ही दिलाई है। और यह संयोग ही नहीं है कि जहां एक सिरे पर मेहनतकशों की चिंता से परम आजादी है, वहीं दूसरे छोर पर, बड़े कार्पोरेट धनपतियों के लिए वैसा ही मोह है। यह मोह सिर्फ ऐसी कार्पोरेटपरस्त नीतियों तक ही सीमित नहीं है, जिनके बल पर मौजूदा भारी आर्थिक गिरावट के बीच भी, अंबानी–अडानी की जोड़ी को न सिर्फ एशिया का धनपति नंबर एक और धनपति नंबर दो बनाया गया है बल्कि दौर में खुद देश में जीडीपी के अनुपात में रूप में कार्पोरेट मुनाफों को, भारत के इतिहास के सर्वोच्च स्तर पर पहुंचाया गया है। इससे आगे, यह धनपति मोह, 45 वर्ष से कम आयु वालों को भी कोविड–19 का टीका लगाने की जरूरत के बहाने से, ऐसी टीका नीति बनाने तक भी जाता है, जो न सिर्फ टीका उत्पादक कार्पोरेटों के लिए अनाप–शनाम मुनाफे सुनिश्चित करती है बल्कि यह भी सुनिश्चित करने जा रही है कि जिसकी जेब में जितना पैसा है, टीके पर उसका हक उतना ही ज्यादा है। और बेशर्मी की हद्द यह है कि केंद्र की सत्ताधारी पार्टी का मुख्य प्रवक्ता, दिल्ली के निर्वाचित मुख्यमंत्री को टेलीविजन पर बाकायदा इसका ताना मारता है कि मई के महीने में केजरीवाल सरकार उतने टीके भी नहीं जुटा पाई, जितने दिल्ली के निजी अस्पतालों ने जुटा लिए थे, जो टीका लगाई में तगड़ा मुनाफा कमा रहे थे। और इसका रास्ता खोला था, मोदी सरकार की तथाकथित श्उदारश टीका नीति ने, जिसने देश में बनने वाले कुल टीकों में से आधे के, राज्य सरकारों और निजी अस्पतालों के बीच और अलग–अलग दरों पर, बंटने की व्यवस्था की है। कहने की जरूरत नहीं है कि टीका उत्पादकों का ज्यादा फायदा तो, राज्यों से ज्यादा दर पर निजी अस्पतालों को अपना टीका बेचने में ही है। और निजी अस्पताल, संपन्नतर तबके को और भी बड़े मुनाफे के साथ प्राथमिकता पर टीके दे सकते हैं। याद रहे कि आपदा में अवसर का यह मंत्र बाकायदा काम भी कर रहा है। इसी अवसर का जरा सा और विस्तार करते हुए, कुछ होटल शृंखलाओं ने बड़ी अस्पताल शृंखलाओं से गठजोड़ कर, महंगे और आरामदेह श्टीका पैकेजश देने की ओर कदम भी बढ़ा दिए थे। लेकिन, यह पैसे की ताकत का इतना ज्यादा नंगा प्रदर्शन दिखाई दे रहा था कि, मौजूदा शासक भी इसमें झिझक गए और केंद्र सरकार को ऐलान करना पड़ा कि अस्पताल, होटलों के साथ टीकों के ऐसे पैकेज नहीं दे सकते हैं। बहरहाल, तरह–तरह की बड़ी अस्पताल शृंखलाओं से लेकर ड्राइव इन व्यवस्थाओं तक में, 1200 से लेकर 1800 रुपए तक में टीके की एक खुराक लगाने की व्यवस्थाएं बखूबी और वास्तव में बढ़ते पैमाने पर काम कर रही हैं। फिर भी, सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को श्हकीकतश को देखनेध्समझने की जो याद दिलाई, उसका संबंध आम लोगों को पूरी तरह से आंखों से ओझल कर देने के एक खास तरीके से भी है। और यह तरीका है, डिजिटलाइजेशन की अनिवार्यता थोपे जाने का। टीके के लिए रजिस्ट्रेशन की अनिवार्यता थोपा जाना न तो किसी चूक का मामला है।



# स्टार का आइडिया तेजी से बदल रहा हैः तमन्ना भाटिया

अभिनेत्री तमन्ना भाटिया का मानना है कि डिजिटल क्षेत्र में तेजी के बाद स्टार का आइडिया तेजी से बदल रहा है। तमन्ना एक दशक से भी अधिक समय से तमिल और तेलुगु उद्योगों में सबसे बड़े नामों में से एक रही हैं और उन्होंने बॉलीवुड और कन्नड़ फिल्मों में भी अभिनय किया है। बड़े पर्दे पर सफलता का स्वाद चखने के बाद, उन्होंने अब डिजिटल स्पेस में कदम रखा है। इस साल, वह वेब श्रृंखला द 11 ऑवर और हाल ही में, नवंबर स्टोरी में नजर आयेंगी। तमन्ना ने बताया वह निश्चित रूप से दो माध यमों के बीच चयन करने की आवश्यकता महसूस नहीं करती है।

इसमें से चुनने के लिए कुछ भी नहीं है क्योंकि कम से कम मेरे मामले में मेरे पास दोनों हैं। मुझे लगता है कि फैन फॉलोइंग एक हो सकती थी। कहते हैं, 10 साल पहले आज की पीढ़ी के लिए मुश्किल होगी, क्योंकि स्थिति के साथ महामारी के कारण, फिल्मों के इर्द–गिर्द भावनाएं अलग हैं। सिनेमा को देखने का तरीका अलग होने वाला है। उन्होंने कहा, इसलिए, एक स्टार का पूरा विचार बहुत तेजी से बदल रहा है, और लोग कंटेंट देख रहे हैं और कंटेंट को पसंद कर रहे हैं, न कि केवल एक अभिनेता या व्यक्तिगत प्रतिभा के लिए। उन्होंने कहा, तमन्ना खुद को भाग्यशाली मानती हैं कि उन्होंने सिनेमा के माध्यम से एक वफादार प्रशंसक बनाए हैं। मुझे लगता है कि 10 साल पहले मैंने जो स्टारडम का विचार देखा था, वह शायद एक वफादार प्रशंसक विकसित करने का सबसे जैविक तरीका था, जिसका अनुभव करने का मुझे सौभाग्य मिला है। अपने नए शो, क्राइम थ्रिलर नवंबर स्टोरी के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री का कहना है कि यह हर दिन नहीं होता है जब किसी को एक ऐसा चरित्र मिलता है जिसमें एक विस्तृत इमोशन ग्राफ होता है। मैं पहले कभी किसी क्राइम थ्रिलर का हिस्सा नहीं रही। इसलिए, मेरे लिए शैली नई है और इसने मुझे मुख्य रूप से एक पिता–बेटी के रिश्ते का पता लगाने के लिए प्रेरित किया। इसके कई कोण थे कि यह मेरे लिए अद्वितीय और नया क्यों बन गया,और यह सचमुच हर दृश्य में शो के माध्यम से तनाव को बनाए रखने जैसा था। यह चुनौतीपूर्ण था और मैंने अपने करियर में ऐसा कभी नहीं किया था। उन्होंने सात–एपिसोड के व्होडुनिट के बारे में कहा, जिसमें पसुपति, जीएम कुमार, अरुलदास और विवेक प्रसन्ना है और यह डिजनी प्लस हॉटस्टार वीआईपी पर प्रसारित होगा।

# यश चोपड़ा बहुत प्रगतिशील निर्देशक थे: माधुरी दीक्षित




बॉलीवुड की डांसिंग डिवा माधुरी दीक्षित नेने मानती हैं कि दिवंगत फिल्म निर्माता यश चोपड़ा बहुत ही प्रगतिशील फिल्म निर्माता थे और उन्होंने हमेशा समय के साथ अच्छा तालमेल बिठाया। माधुरी ने हाल ही में अपने प्रशंसकों के साथ बातचीत करते हुए अपनी राय व्यक्त की, जहां उनके फैन क्लब ने हैशटैग मैडजनेस अवार्ड बनाया। ये माचिस की डिब्बियों का उपयोग करके बनाए गए पुरस्कार हैं और स्मृति चिन्ह के रूप में प्रस्तुत किए जाते हैं। प्रशंसकों के वोटों के आधार पर पुरस्कारों की श्रेणियां तय की गईं हैं। बातचीत के दौरान, चोपड़ा की श्दिल तो पागल हैय को सर्वश्रेष्ठ फिल्म, सर्वश्रेष्ठ संगीत और सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार घोषित किया गया। माधुरी ने कहा यशजी एक बहुत ही प्रगतिशील निर्देशक थे और उन्होंने हमेशा समय के साथ तालमेल बिठाया। उनकी श्दीवारय, श्दागय, श्काला पत्थरय जैसी कई फिल्में बहुत प्रगतिशील हैं। उन्होंने आगे कहा जब मुझे उनके साथ काम करने का मौका मिला, तो मैंने स्क्रिप्ट सुनी और उनसे प्यार हो गया। फिल्म प्यार के बारे में थी और एक लड़की कैसे मानती है कि वह अपनी आत्मा से मिलेगी, जो मैं सोचती हूं मेरे साथ भी ऐसा ही हुआ था जब मैं श्रीराम नेने से मिली थी। माधुरी ने कहा कि एक निर्माता और निर्देशक के रूप में यश चोपड़ा श्बहुत ही पेशेवरय थे। उन्होंने कहा मुझे उनके बारे में जो सबसे ज्यादा पसंद आया कि वह कलाकारों को अपना काम करने के लिए स्वतंत्र छोड़ते थे।

# निक्की तंबोली ने की तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर मचाया बवाल

एक्ट्रेस निक्की तंबोली इन दिनों केपटाउन में खतरों के खिलाड़ी 11 की शूटिंग कर रही है। इसके साथ एक्ट्रेस केपटाउन के मौसम का भी पूरा मजा ले रही है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की है, जो खूब पसंद की जा रही है। निक्की तंबोली ने एक बार फिर से अपने फैंस का दिल जीत लिया है। तस्वीरों में निक्की व्हाइट स्पोर्ट्स ब्रा और पिंक शॉर्ट्स में नजर आ रही है। जिसे निक्की ने पिंक जैकेट से टीम–अप किया हुआ है। इसके साथ एक्ट्रेस ने व्हाइट शूज पेयर किए हुए हैं। लाइट मेकअप और ओपन हेयर्स से निक्की ने अपने लुक को कम्पलीट किया हुआ है। इस लुक में निक्की हॉट लग रही है। तस्वीरें शेयर करते हुए निक्की ने लिखा– मैंने अपना समय लिया...रिचार्ज हुई, घावों को भरा और मजबूती के साथ वापसी। फैंस इन तस्वीरों पर खूब प्यार लुटा रहे हैं। घर से बाहर आने के बाद निक्की तंबोली सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा एक्टिव हो गई है और वो केपटाउन आते ही अपनी कई सारी तस्वीरें शेयर की है। अब सोशल मीडिया पर निक्की तंबोली ने अपने चाहने वालों को केपटाउन शहर के अपडेट्स दे रही है। अभिनेत्री निक्की तंबोली ने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की है। जिसमें वो अपने परफेक्ट फिगर को फ्लॉन्ट करते हुए नजर आ रही हैं। पिछले काफी समय से निक्की तंबोली खुद के साथ चलिटी टाइम स्पेंड कर रही है।



# बोल्डनेस के मामले में किसी से कम नहीं हैं राइमा सेन









बॉलीवुड एक्ट्रेस राइमा सेन सोशल मीडिया पर अपने बोल्ड अंदाज के लिए काफी पॉपुलर हैं। राइमा का इंस्टाग्राम हॉट फोटोज से भरा पड़ा है। तो आइए आज आपको दिखाते हैं राइमा की कुछ ऐसी तस्वीरें जिन्हें देखने के बाद आपकी निगाहें उन्हीं पर टिकी रह जाएंगीं।

# ट्रेन से कटकर नव युवक की मौत

अमित रेखा – अजय तिवारी

नेबुआ नौरंगिया – कुशीनगर। जनपद के कप्तानगंज थानाक्षेत्र के साखोपार नहर पुल पर एक 25वर्षीय युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। युवक का शव नहर के पानी में गिर गया। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवाया। मृत युवक की पहचान नेबुआ नौरंगिया थानाक्षेत्र के सिरसिया सागर टोला उसरहा निवासी गोविंद के रूप में हुई है। बताते चले कि सोमवार की सुबह एक युवक साइकिल से साखोपार नहर की पटरी पकड़कर रेल पुल के समीप पहुंचा। बताया जा रहा है कि पटरी पर अपनी साइकिल खड़ी कर नहर का पुल पार करने लगा। इसी दौरान गोरखपुर की ओर से ट्रेन आ गई। ट्रेन की चपेट में आने से युवक का शरीर कटकर नहर के पानी में गिर गया। शरीर का कुछ भाग रेल लाइन पर ही रह गया। ग्रामीणों की सूचना पर कप्तानगंज से एसआई उमेश कुमार यादव मय पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास किया। मृत युवक के कपड़े से दो पर्चियां मिलीं जिसमें से एक पर गोविंद पासवान निवासी उसरहां खानू छपरा थाना नेबुआ नौरंगिया लिखा था। दूसरी पर्ची झांगा बाजार स्थित एक इलेक्ट्रानिक की दुकान से लिया गए सामान का था जिसपर सिकंदर लिखा था। पुलिस ने पर्ची पर अंकित फोन नंबरों पर संपर्क कर नेबुआ नौरंगिया थाने को सूचना दी। मौके पर पहुंचे श्यामदेव पासवान ने युवक की पहचान पुत्र गोविंद पासवान निवासी सिरसिया सागर टोला उसरहां थाना नेबुआ नौरंगिया के रूप में की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कप्तानगंज थानाध्यक्ष कपिल देव चौधरी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है पर घरवालों ने किसी प्रकार के विवाद की बात से इंकार कर रहे है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। और इस मामले की छानबीन चल रही है।

# केएमसी हॉस्पिटल में सफल हुआ मुंह के कैंसर का ऑपरेशन

'अमित रेखा मुनीर आलम(राजन)

महराजगंज। केएमसी डिजिटल हॉस्पिटल चिकित्सा के क्षेत्र में नए आयाम को अंजाम दे रहा है तंबाकू दिवस के अवसर पर मुख कैंसर रोग विभाग ने अभूतपूर्व सफलता हासिल किया है बता दें फरेंदा निवासी अजय( बदला हुआ नाम) मुख कैंसर से 5 वर्षों से पीड़ित थे जिनके जबड़े व गले में कैंसर फैल चुका था जिसका 5 घंटे सघन ऑपरेशन चला और ऑपरेशन के दौरान जबड़े का हिस्सा व गले का गांठ को निकालना पड़ा साथ ही चेहरे को सही करने हेतु प्लास्टिक सर्जरी भी की गई । इस मुख कैंसर ऑपरेशन में मुख कैंसर विशेषज्ञों में मुख कैंसर सर्जन डॉ अमित सिंह चंदेल, एनेस्थेटिक डॉक्टर अरुण सिंह व सहायक टेक्नीशियन रीना , अरविंद, दीपा आदि शामिल रहे ।टीम के संयोजक मुख कैंसर सर्जन डॉ अमित सिंह चंदेल ने बताया कि मुख कैंसर के अधिकतम संख्या का कारण तंबाकू, सिगरेट ,पान मसाला होता है। मुंह कैंसर से भारत में प्रत्येक दिन लगभग 2500ध मौतें होती हैं यदि सही समय एवं उचित इलाज मरीज को मिल जाए तो मरीज की जान बचाई जा सकती हैस अगर किसी व्यक्ति के मुंह में घाव, छाला है, जो 5 हफ्तों से अधिक दिनों से ठीक नहीं हुआ है तो इसे सामान्य ना लें एवं तुरंत मुख कैंसर रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर परामर्श लेवे। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन विनय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अब मुख कैंसर के रोगियों को कहीं भटकना नहीं पड़ेगा अब उनका इलाज इसी जनपद के के एम् सी हॉस्पिटल में हो जाएगा। गोरखपुर लखनऊ, बनारस जाने की जरूरत नहीं है के एम् सी में मुख कैंसर सर्जरी की टीम किसी तरह के मुख कैंसर की सर्जरी को करेगी जो जनपद के लिए बहुत ही गर्व की बात है । उन्होंने जनता से अपील किया की इस महामारी में तम्बाकू , पान मसाला , व सिगरेट का सेवन ना करे जिससे परिवार आर्थिक एवम् मानसिक दशा मजबूत हो सके

# फरेंदा विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने सीएचसी बनकटी पर 18 साल के लोगो के वैक्सिनेशन का किया शुभारंभ

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। उत्तर प्रदेश में आज से सभी जिलों में 18 साल की आयु के लोगों को भी वैक्सीनेशन शुरू कर दिया गया आज महराजगंज के सीएचसी बनकटी में भी इसकी शुरुआत हुई , जिसका शुभारंभ फरेंदा के विधायक बजरंग बहादुर सिंह जी ने किया इस मौके पर चिकित्सा अधिकारी अंग्रेश सिंह,किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विवेक पांडे जी , रामसरन गुप्ता , बी के मल्ल , गजेंद्र उपाध्याय , केशव शुक्ला ,अंजनी सिंह, लालजी त्रिपाठी, अर्जुन सिंह, ओपी त्रिपाठी, एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी मैजूद रहे । वही बजरंग बहादुर सिंह ने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा जल्द ही हमारी सरकार 18 वर्ष से कम आयु के लोगो को भी वैक्सीन लगवाने की तैयारी है जिससे कोरोना महामारी को पूरी तरह से खत्म किया जा सके । उन्होंने सूबे के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी और प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद दिया और कहा इन लोगो की मेहनत की देन है आज कोरोना वायरस को काफी हद तक काबू पाया जा सका , उन्होंने योगी जी का जिक्र करते हुए कहा कि खुद संक्रमित होते हुए भी कभी आराम नहीं किए और जैसे ही ठीक हुए दिन रात सभी प्रभावित जिलों , अस्पतालों का दौरा कर रहे है और तो और प्रभावित गांवों में जाकर संक्रमित लोगो का हाल भी जान रहे है।

# जिला अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्रम पहना कर किया सम्मानित

अमित रेखा ब्यूरो – पट्टी, प्रतापगढ़। पट्टी क्षेत्र के नगर स्थित कार्यालय पर जनसत्ता दल लोकतांत्रिक युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने आज पार्टी के कार्यकर्ताओं को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया और सभी से मिशन 2022 हेतु अपने – अपने क्षेत्र में जाकर अभी से प्रचार प्रसार करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान पट्टी विधानसभा के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला, उपाध्यक्ष प्रिंस सिंह, धीरज सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, संतोष सरोज आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने लगाई फांसी, मौत

अमित रेखा प्रतापगढ़। तबस्सुम बानों 25 वर्ष पुत्री असगर अली निवासी कटरामेंदनीगंज की घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों दुपट्टे से लटका शव मिला तो परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची सिटी पुलिस ने मृतिका के परिवार और स्थानीय लोगों की रजामंदी से कराया शव का पंचनामा। परिवार और स्थानीय लोगों के अनुसार मृतिका मानसिक रोग से ग्रस्त थी। मृतिका की एक बड़ी बहन अंजुम बानों छोटी बहन तरन्नुम बानो की शादी हो चुकी है तो वही दो छोटे भाई शहबाज व समीर है । पिता असगर अली अपने दोनों बेटो के साथ सूरत में आम का व्यापार करते है।

# देवरिया पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही

## – भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद करते हुए 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर 12 अभियोग पंजीकृत किये गए

अमिटरेखा ब्यूरो देवरिया। कच्ची शराब के विरूद्ध दिनांक 29.05.2021 से चलाए जा रहे अभियान के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रान्तर्गत दबिश देकर काफी मात्रा में लहन व भट्ठियों को नष्ट करते हुए कच्ची शराब की बरामदगी कर संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी, इसी क्रम में दिनांक 01.06.2021 को जिलाधिकारी देवरिया श्री आशुतोष निरंजन व पुलिस अधीक्षक देवरिया डा0 श्रीपति मिश्र के निर्देशन में से चलाए जा रहे अभियान के दौरान समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी व आबकारी अधिकारीगण के नेतृत्व में समस्त प्रभारी निरीक्षकध्थानाध्यक्ष द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध अभियान के क्रम में अपने–अपने क्षेत्रान्तर्गत संभावित स्थानों पर दबिस देते हुए कुल 110 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए उनके विरूद्ध विभिन्नों थानों पर कुल 12 अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

02. 06 अपराधियों के विरूद्ध की गयी गैंगेस्टर की कार्यवाही–

दिनांक 01.06.2021 को पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा शातिर अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रभारी निरीक्षक कोतवाली द्वारा अवगत कराया गया कि शातिर अभियुक्त 01. जीवन उर्फ जीतू पुत्र प्रेमनाथ सा0 सल्लाहपुर थाना आन्दर जिला सिवान बिहार 02.रजनीश उर्फ मास्टर उर्फ सन्नी उर्फ हिमांशु पुत्र पुरुषोत्तम राय 03. भोला उर्फ अनुज प्रताप राय पुत्र स्व0 तारकेश्वर राय सा0 खलवा थाना नौतन जिला सिवान बिहार 04.प्रकाश उपाध्याय पुत्र विनोद उपाध्याय सा0 दरौली थाना दरौली जिला सिवान बिहार 05.अभिमन्यु कुमार राम पुत्र स्व0 रामकिशुन राम सा0 सेवतापुर थाना मैरवा जिला सिवान बिहार 06.रत्नेश उफ रिन्कू उर्फ ओंमकारनाथ पाण्डेय पुत्र वशिष्ठ नारायण पाण्डेय सा0 पचवेलिया थाना असावं जिला सिवान बिहार उपरोक्त का एक संगठित गिरोह है। ये सभी अपने आर्थिक एवं भौतिक लाभ हेतु गैंग बनाकर अपराध कारित करना इनका पेशा है। इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली में अपराध धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर अधिनियम 1986 के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर विवेचना की जा रही है।

03. निरोधात्मक कार्यवाही–

दिनांक 01.06.2021 को देवरिया पुलिस द्वारा चलाये गये अभियान में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निरोधात्मक कार्यवाही की गयी, जिनका विवरण निम्नवत है–

जनपदीय पुलिस द्वारा 151 सीआरपीसी के अन्तर्गत 31 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

'04. जनपदीय पुलिस द्वारा मोटर वाहन अधिनियम में कार्यवाही–'

दिनांक 01.06.2021 को जनपदीय पुलिस द्वारा शातिर अपराधियों संदिग्ध व्यक्तियों, संदिग्ध वाहनों के विरूद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसके परिप्रेक्ष्य में जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही का विवरण निम्नवत है–

वाहन चेकिंग के दौरान 146 वाहनों से 1,55,300 रूपये शमन शुल्क (ई–चालान) किया गया।

# नगर पंचायत चौक बाजार में विभिन्न परियोजनाओ का निरीक्षण करते जिलाधिकारी एवं एसपी

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। जिलाधिकारी डा0उज्ज्वल कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता द्वारा कानून ब्यवस्था के साथ साथ नगर पंचायत चौक बाजार में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र,पथिक आवास,चौक मन्दिरका जीर्णोद्वार का निरीक्षण किया । सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निमार्ण एजेन्सी एनडीएस,सोनाडी देवी मन्दिर प्रागंण में पथिक आवास व सा0शौचालय के निमार्ण एजेन्सी सीडीको तथा चौक मन्दिर का जीर्णोद्वार का निमार्ण एजेन्सी यू0पी0सी0एल0 द्वारा निमार्ण कराया जा रहा है । महन्थ दिग्विजय नाथ महाविद्यालय प्रागंण में दिग्विजय नाथ मूर्ति स्थापना का कार्य की प्रगति का भी निरीक्षण किया । मूर्ति प्राप्त हो चुकी है स्थापना का कार्य हेतु चबूतरे की निमार्ण किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निमार्ण कार्य शिथिल होने पर कार्यदायी संस्थाओं के अधिशासी अभियन्ताओं के प्रति नाराजगी ब्यक्त किया गया । उन्होने कहा कि धान आवटित पश्चात कार्य में शिथिलता अच्छी नही है कार्य में तेजी लाई जाय । जिससे परियोजनाओं को यथा शीघ्र पूरा किया जाय । उन्होने यह भी निर्देश दिया कि निमार्ण कार्य में मानक व गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय । जाचोपरान्त मानक एवं गुणवत्ता में कमी पायी जाती है तो कार्यवाहिया सुनिश्चित की जायेगी । बाजार से पानी निकासी हेतु पी डब्लू डी अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया कि पानी निकासी हेतु नाले को सही करायें। इसके लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है । सोनारी देवी मन्दिर के सुन्दरीकरण तथा पथिक आवास में फिन्सिंग का अभाव रहा । मौके पर मौजूद सीडीको अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया कि दिवाल व छत तथा जो भी कमिंया है उसको अगले इन्पेक्शन तक पूरा कराये,अन्यथा कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी । जिलाधिकारी द्वारा बाजार में उपस्थित 45 से उपरी आयु के ब्यक्तियों से कोरोना टीका लगवाने बावत पूछताछ की । जिसमें सभी ने बताया कि हमलोगों ने वैक्सीनेशनध्टीका लगवा लिए है । जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी ब्यक्ति छूटे है वह भी टीका लगवा लें,18 वर्ष से भी उपर के बच्चों को भी टीकाकरण शुरू हो चुका है अपना रजिस्टेशन कराकर टीका लगवा लें। उक्त अवसर पर अपर जिलाधिकारी अविनाश कुमार,सभी एजेन्सियों के अधिशासी अभियन्ता उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षण प्राप्त कर सहायक लीडर ट्रेनर बने चार कैंडेट्स , बढ़ाया जिले का मान

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड जिला संस्था महराजगंज जिला सचिव संजय कुमार मिश्र ने अवगत कराया की जनपद के चार होनहार यूनिट लीडर रामनरायन खरवार, उमेश गुप्ता, शशांक गुप्ता, दीनदयाल शर्मा ने बीते एक वर्ष पूर्व राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पंचमढ़ी मध्यप्रदेश में आयोजित सहायक लीडर ट्रेनर स्काउट के कोर्स में प्रतिभाग कर सफलता प्राप्त करते हुए जनपद का मान बढ़ाया है जिनका हॉनरेबल चार्ज संख्या रामनारायण खरवार 2873, उमेश कुमार गुप्त 2874, दीनदयाल शर्मा 2868, तो वही शशांक कुमार गुप्त का 2869 है । संजय मिश्रा ने बताया कि जनपद के गौरव की बात है यह सभी यूनिट लीडर जनपद के पदाधिकारि भी है जो जिलाधिकारी के आदेशानुसार निरन्तर संस्था के साथ निस्वार्थ भाव से सेवा दे रहे है, जनपद के स्काउट गाइड जो इस कोरोना महामारी में लोगो को जागरूक करना व मास्क सेनेटाइजर सहित अन्य सामाजिक सेवा के अपने टीम के साथ लगे है। वही हेड कवाटर कमिश्नर हरिश्चंद्र श्रीवास्तव ने बताया स्काउट गाइड एक ऐच्छिक युवा आन्दोलन है जो कार्यक्रम तथा गतिविधियों के माध्यम से व्यक्त एवम युवतियों मे स्वास्थ्य के साथ साथ मानसिक बौद्धिक सामाजिक तथा संवेदनात्मक गुणों का विकास कर उसमें चरित्र के निर्माण मे सहायक हो जाता है। सामाजिक द्रिश्टिकोन से इन्हें समाज के चौतन्य तथा उत्तरदायी बनाता है। इसके संगठनात्मक स्वरूप में स्काउटिग विश्व का सबसे बड़ा शैक्षणिक स्वरूप मे स्थापित है। इन्हें प्रशिक्षण देने के लिए शिक्षक तैयार किए जाते है जिसका स्वरूप मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ स्थापित है। शिक्षक को भी प्रशिक्षण की आवश्यकता पडती है जिन्हें मास्टर ट्रेनर या लीडर ट्रेनर्स के नाम से जानते हैं। इसी क्रम में जनपद के चार यूनिट लीडरों ने एक प्रशिक्षण में सफलता प्राप्त करने के बाद आनरेबुल चार्ज का प्राप्त किया जो जनपद के लिए गौरव की बात है। इस उपलब्धि हेतु संस्था के उपाध्यक्ष व जिला विद्यालय निरीक्षक अशोक कुमार सिंह , जिला मुखायुक्त विजय बहादुर सिंह, हेडक्वार्टर कमिश्नर ट्रेनिंग श्री हरिश्चंद्र श्रीवास्तव , स्काउट मास्टर अभिषेक श्रीवास्तव, दुर्गेश उपाध्याय, राजन विश्वकर्मा, अजय सैनी समेत अन्य पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना किया।

# दस दिनों के बाद भी हत्या का आरोपी फरार, पीड़ित परिजन परेशान, आरोप

अमित रेखा अमरजीत शर्मा

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के बड़के जिले प्रतापगढ़ में बड़ी बड़ी घटनाएं होती थी फायरिंग, हत्या, गैंगवार, लूट जैसी घटनानाएं आए दिन होती रहती थी ।ये घटनाएं रोज की आम बात हो गई थी। पूरा जिला अपराध से त्राहीमाम त्राहिमाम कर रहा था ।जिले के लोगों के मन में डर अपनी मजबूत जगह बना चुका था ।लोग कहते थे कि कब क्या हो जाए भगवान जाने ।अपराध से त्राहीमाम त्राहिमाम कर रहे जिले की कमान तेज तर्रार एसपी आकाश तोमर को मिली ।आकाश तोमर ने जिले की कमान संभालते ही कई ताबड़तोड़ प्रभावी कार्यवाही करनी शुरू की और इस प्रभावी कार्यवाही से जिले के अपराधी त्राहिमाम त्राहिमाम करने लगे है तो वही कुंडा पुलिस लापरवाही में मस्त हैं और अपराधी मौज कर रहे हैं। आपको बताते चले कि थाना कुंडा क्षेत्र के पीरानगर निवासी सचिन मिश्रा उर्फ अंशु की 24 मई देर रात ग्राम बरईपुर नवाबगंज बारात में डीजे पर डांस को लेकर कहा सुनी हुई थी बारात से सचिन मिश्रा अपने साथियों के साथ मोटरसाइकिल से वापस घर आ रहा था ।रास्ते में पलई चौराहा के पास बिना नंबर की एक्सयूवी गाड़ी से आकाश सिंह ने अपने साथियों के साथ आकर सचिन मिश्रा ( अंशु ) की गोली मारकर नृशंस हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद परिवार वालों ने पूर्व प्रधान पुत्र पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए नामजद तहरीर दी थी। लेकिन आज 10 दिन बीत जाने के बाद भी मुख्य आरोपी कुंडा पुलिस की गिरफ्त से दूर है ।हत्यारों की गिरफ्तारी न होने से अंशु हत्याकांड पर राजनीतिक सियासत गर्म हो कर धधक रही है। स्थानीय नेताओं से लेकर विभिन्न संगठनो ने अंशु के न्याय की गुहार लगा रहे है। लोगों में लगातार कुंडा पुलिस को लेकर आक्रोश पनप रहा है। परिवार ने आत्म दाह करने की दी चेतावनी ।पीड़ित परिवार न्याय न मिलने पर सामूहिक आत्मदाह की चेतावनी दे रहा हैं। परिवार का आरोप है कि प्रसाशन की मिली भगत से अंशु के हत्यारोपियों को बचाया जा रहा है। ब्राह्मण समाज के लोग लगातार अपना आक्रोश जता रहे है और कैंडल मार्च निकालते हुए न्याय की गुहार लगा रहे है।

# यूपी बोर्ड:डिप्टी सीएम बोले- 12वीं की परीक्षा पर निर्णय हालात का आकलन करने के बाद

राजू प्रसाद श्रीवास्तव

अमिटरेखा लखनऊ। उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि यूपी बोर्ड की 12वीं की परीक्षा कराने पर फैसला कोरोना की स्थिति का आकलन करने और मुख्यमंत्री से विचार विमर्श करने के बाद लिया जाएगा। 12वीं की परीक्षा जुलाई के दूसरे सप्ताह में प्रस्तावित है। हालांकि अभी टाइम टेबल जारी नहीं हुआ है ।डिप्टी सीएम ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने कोरोना संक्रमण की स्थिति को देखते हुए विद्यार्थियों के हित में सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा निरस्त करने का निर्णय लिया है ।उन्होंने कहा कि प्रदेश में संक्रमण की नियंत्रित स्थिति को देखते हुए अधिकांश जिलों में कोरोना कर्फ्यू खोल दिया गया है। स्थिति के आकलन के बाद अगले कुछ दिनों में इंटरमीडिएट की परीक्षा कराने पर निर्णय लिया जाएगा ।कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर को देखते हुए केंद्र सरकार ने सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा रद्द कर दी है। इसके बाद यूपी बोर्ड की 12वीं की परीक्षा के भी रद्द किए जाने को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं जिस पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थिति की समीक्षा करने के बाद निर्णय लिया जाएगा ।हालांकि, सीबीएसई की परीक्षा को लेकर छात्रों में असमंजस की स्थिति है। उनका कहना है कि हमें किस प्रकार पास किया जाएगा, किसको क्या ग्रेड दी जाएगी, इसको लेकर वह चिंतित हैं। सीबीएसई इसका मूल्यांकन कैसे करेगा, इसका उन्हें इंतजार है। वहीं मेधावी छात्रों का कहना है कि ज्यादा मेहनत करने वालों और कम मेहनत करने वाले छात्रों को एक जैसे ग्रेड या मार्क्स नहीं दिए जा सकते। अगर ऐसा हुआ तो फिर हमारी कड़ी मेहनत का क्या फायदा।

# सांगीपुर ब्लाक प्रमुख पर महिला प्रत्याशी के मैदान में उतरने से समीकरण बदला

## – वीडीसी सदस्यों के संपर्क में प्रत्याशी, जीत का कर रहे दावा

अमित रेखा ब्यूरो प्रतापगढ़। प्रदेश सरकार की ओर से प्रमुख पद पर चुनाव की तिथि भले ही घोषित न हुई हो किंतु प्रमुख पद के दावेदार क्षेत्र पंचायत सदस्यों से मिलने का सिलसिला तेज कर दिए है ।सांगीपुर ब्लाक में महिला प्रत्याशी के चुनाव मैदान में कूदने से लगातार दो बार निर्विरोध ब्लाक प्रमुख रहे अशोक कुमार सिंह बबलू की राह इस बार आसान नही दिख रही है। क्षेत्र के पूरब देउम ( प्रथम ) से निर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्य कलावती रामकृष्ण मिश्र (नन्हे नगरहा) निवर्तमान प्रमुख को कड़ी चुनौती दे रही है। सूत्रों की मानें तो क्षेत्र के अधिकतर क्षेत्र पंचायत सदस्य इस बार बदलाव के भी मूड में साफ दिख रहे है। रामपुर खास के तीनों ब्लाकों में फिलहाल पूर्व राज्य सभा सांसद प्रमोद तिवारी व विधायक आराधना मिश्रा मोना का ही पसन्दीदा प्रमुख रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इस बार नेताजी ने अभी पूरी तरह से मौन साध रखा है और क्षेत्र के हालात पर नजर गड़ाए हुए है, वहीं दोनों ही प्रत्याशी पुरजोर नेताजी के आशीर्वाद प्राप्त होने का दावा कर रहे है। हंलाकि इस बार सांगीपुर मे ब्लाक प्रमुख का चुनाव आसान नही होगा । कलावती रामकृष्ण मिश्र (नन्हे नगरहा) की सामाजिक प्रतिष्ठा,सरल स्वभाव व मृदु भाषी होना भी आम जनमानस के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। हलांकि चर्चाओं पर गौर करें तो वीडीसी चुनाव परिणाम आते ही नन्हे नगरहा ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों से संपर्क अभियान तेज कर दिया है जिस पर ज्यादातर सदस्यों ने उन्हे चुनाव मे उनका साथ देने का भरोसा भी दिया है ।

# फर्जी दस्तावेजों के सहारे वरासत कराने के मामले में राजस्व निरीक्षक समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

'अमित रेखा मुनीर आलम (राजन)

'महराजगंज:' एक जमीन को लेकर फर्जी वरासत के मामले में को एसडीएम प्रमोद कुमार ने चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच का आदेश जारी किया है। फर्जी दस्तावेजों के सहारे वरासत कराने का मामला सामने आने के बाद एसडीएम नौतनंवा ने लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, मुंशी और वरासत चढ़ाने वाले के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर, जांच करने का आदेश दिया है। जिसके बाद तहसील में हड़कंप मच गया है। एसडीएम द्वारा दिए गए आदेश के अनुसार इंद्रप्रसाद पुत्र भगवानदास के नाम से नौतनवां के खाता संख्या 44के अराजी नंबर762ध0.061 हेव खाता में भूमिधार दर्ज हैं। इस भूमि को हल्का लेखपाल और राजस्व निरीक्षक ने 28 दिसंबर 2020 को निरंजन जायसवाल के नाम फर्जी आधार कार्ड लगाकर वरासत दर्ज कर दिया है। मामले में एक अधिवक्ता कि शिकायत पर जांच करते हुए एसडीएम ने 27 मई 2021 को नोटिस जारी करते हुए वरासत कराने वाले व्यक्ति को सभी दस्तावेजों समेत अपने कार्यालय में प्रस्तुत होने का आदेश जारी किया। दस्तावेजों की जांच में फर्जी परिवार प्रमाण पत्र नकल और फर्जी आधार कार्ड के जरिए वरासत करने का मामला सही पाया गया जिसके बाद एसडीएम प्रमोद कुमार ने राजस्व निरीक्षक शिवराज गुप्ता, हल्का लेखपाल ध्रुव नारायण तिवारी, मुंशी वेदप्रकाश, और निरंजन पुत्र भगवानदास के खिलाफ तहसीलदार को जांच कर मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया है।

# भारी मात्रा में शराब जप्त दो तस्कर गिरफ्तार

अमित रेखा – संतोष पाठक

कुचायकोट – गोपालगंज। जनपद के कुचायकोट के स्थानीय थाना की पुलिस ने एनएच 27 बलथरी स्थित पुलिस पोस्ट के पास एक बाइक से भारी मात्रा में उत्तर प्रदेश निर्मिती देसी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया थानाध्यक्ष अश्विनी कुमार तिवारी ने बताया कि बलथरी स्थित पुलिस पोस्ट पर वाहनों की जांच की जा रही थी तभी एक मोटरसाइकिल से बोरा में रखें शराब लेकर तस्कर दिखाई दिए तुरत रोककर तलाशी ली गई तो उसमें से उत्तर प्रदेश निर्मिती 223 बोतल देशी शराब बरामद हुई इस मामले में माझा थाना के भोजपुरवा गांव के शुभम कुमार तथा करण कुमार को गीरफ्तार कर लिया साथ ही बाइक भी जप्त की गई पुलिस ने उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए दोनों तस्करों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

**बहादुरपुर चौकी बना शराब तस्करों का मुख्य अड्डा**

गोपालगंज तथा कुशीनगर के एसपी तथा डीएम की संयुक्त बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि सीमावर्ती क्षेत्र के शराब की दुकानों से शराब की तस्करी पर लगाम लगाने के लिए कारगर उपाय किया जाएगा लेकिन बहादुरपुर चौक क्षेत्र से लगातार शराब तस्करों का संरक्षण देते हुए बिहार में शराब तस्करी कराने में लगी रहती है गिरफ्तार तस्करों ने बताया कि सलेमगढ़ स्थित शराब की दुकान से शराब लेकर एनएच 27 बहादुर चौकी होते हुए ला रहे थे जबकि बहैदरपुर चौकी पर प्रतिदिन वाहनों की जांच की जाती है तथा चौकी प्रभारी सहित तमाम पुलिसकर्मी शराब तथा पशु तस्करों के खिलाफ अभियान चलाने की बात करते हैं लेकिन लगातार पकड़े जा रहे शराब से नहीं लग रहा है बहादुरपुर पुलिस चौकी द्वारा शराब तस्करों पर लगाम लगाई जा रही है।

# वैक्सीनेशन योजनान्तर्गत गांवों में कैम्प कार्ययोजना के तहत कैम्प निर्धारित:जिलाधिकारी

अमित रेखा ब्यूरो महराजगंज। महराजगंज जिलाधिकारी डा0उज्ज्वल कुमार द्वारा जनपद में कोविड 19 महामारी को नियत्रंण एवं रोकथाम के सैम्पलिंग तथा वैक्सीनेशन योजनार्न्तगत गावों में कैम्प कार्ययोजना के तहत कैम्प निर्धारित की गयी है । इस योजना में सभी ब्लाको के गावों में कैम्प लगाकर गाव की सभी ब्यक्तियों की कोरोना सैम्पलिंग तथा 45 वर्ष आयु के ब्यक्तियों की वैक्सीनेशन के कार्य किये जा रहे है । जिलाधिकारी ने ब्लाक सदर महराजगंज में 3 जून 2021को ग्रामसभा कृतपिपरा,04 जून को पिपरा रसुलपुर तथा 5 जून को कांध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैम्प लगाकर कोरोना सैम्पिंग तथा टीकाकरण का कार्य किया जायेगा । इसी प्रकार ब्लाक मिठौरा में 3 जून को बसन्तपुर खुर्द,4 जून को बरवाराजा, 5 जून को नरायणपुर,निचलौल में 3 जून को पिपराकाजी,4 जून को लक्ष्मीपुर, 5 जून को शितलापुर , सिसवा में 3 जून को बेलवा,4जून को रजवल मदरहा,5 जून को खेसरारी मंसाछापर, घुघुली ब्लाक में 3 जून को नरायणपुर,4 जून को मिर्जापुर पकडी, 5 जून को कोटवा , परतावल में 3 जून को बसहिया खुर्द,4 को बडहरा बरईपार, 5 को नटवा , पनियरा में 3 जून को महुअवा शुक्ल,4 जून को सतगुर,5जून को नटवा,धानी में 3 जून को बलुआ,4 जून को बरगाहपुर,5जून को बन्दोह,फरेन्दा में 3 जून को फरेन्दा बुजुर्ग,4 जून को परसाबेनी,5 जून को रतनपुर खुर्द,बृजमनगंज में 3 जून को गोपालपुर,4 जून को एलहाबास,5जून को नैनसर , लक्ष्मीपुर मे 3 जून को रूदलापुर,4 जून को खालिकगढ,5 जून को भगवानपुर तथा रतनपुर ब्लाक में 3जून को बरगदवा,4 जून को नौतनवा व 5 जून को खोरिया में कैम्प लगाकर सभी की सैम्पलिंग व 45 वर्ष आयु के ब्यक्तियों को वैक्सिनेशनध टीकाकरण का कार्य किया जायेगा।

# अमित रेखा के पत्रकारों ने लगवाया कोरोना का टीका

**– जनपद वासियों से कोरोना का टीका लगवाने के लिए किया अपील:ब्यूरो कुशीनगर**

अमित रेखा – राकेश कुमार वर्मा

दुदही – कुशीनगर। माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पहल पर विकास खंड दुदही के पत्रकारों ने लगवाया कोरोना



का टीका। बताते चलें कि वैश्विक महामारी कोरोना से बचाव के लिए माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पहल पर पत्रकारों के लिए टीकाकरण का मुहिम चलाया। जिसके तहत दिनांक 2 जून 2021 को विकासखांड दुदही के दैनिक हिंदी समाचार पत्र अमित रेखा के पत्रकारों ने जिले पर जाकर वैक्सीन लगवा कर मुहिम को सफल बनाया। साथ ही जनपद वासियों से अपील किया की वे लोग भी इस वैश्विक महामारी कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण अवश्य करवाएं और साथ ही अन्य लोगों को भी टीका लगवाने के लिए जागरूक करें। टीका लगवाने वाले पत्रकारों में प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ , राकेश कुमार वर्मा, अब्दुल आजम, हरेंद्र पाल तथा अन्य समाचार पत्रों के पत्रकार शामिल रहे।

# मीडियाकर्मियों को लगा टिका

**– शतप्रतिशत कोविड वैक्सीनेशन कराये जाने का दिया निर्देश:जिलाधिकारी**

राजू प्रसाद श्रीवास्तव ( प्रदेश प्रभारी)

अमित रेखा ब्यूरो देवरिया। जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने जनपद देवरिया में 01 जून 2021 से प्रतिदिन सी0वी0सी0 का आयोजन कर प्रत्येक सी0वी0सी0 पर कम से कम 100 लोगो का टीकाकरण कराने का निर्देश जारी किया था। जिसमें 18–44 आयु वर्ग के 50 एवं 45 से ऊपर आयुवर्ग के 50 अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं शिक्षक गण सम्मिलित होने की व्यवस्था बनाई गई



थी। टीकाकरण हेतु सत्र स्थल का चयन भी किया गया था। पूर्व दिनों में जिलाधिकारी ने बताया था कि राजकीय शिक्षकों, परिषदीय शिक्षकों एवं सरकारी कर्मियों के टीकाकरण हेतु प्रेरणा भवन(विकास भवन परिसर), सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग कार्यालय के अधिकारियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों हेतु नागरी प्रचारिणी सभा तथा समस्त राष्ट्रीयकृत बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु सेन्ट्रल बैंक रीजनल कार्यालय नगरपालिका रोड देवरिया स्थल निर्धारित किया था। जिलाधिकारी ने इस कार्य हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी एवं प्रबंन्धक सेन्ट्रल बैंक(लीड बैंक) को नोडल अधिकारी नामित किया गया था तथा उन्हे निर्देशित किया गया था कि वे संबंधित सीवीसी पर अपने विभाग के उक्त आयु वर्ग के लाभार्थियों का शतप्रतिशत कोविड वैक्सीनेशन कराना सुनिश्चित करेंगे। इस बीच मीडिया पत्रकार बन्धुयो के लिए नागरी प्रचारिणी सभा ( सूचना विभाग कार्यालय) पर टिकाकरण किया गया , सूचना विभाग कार्यालय से सम्बंधित पत्रकारों को एक एक करके बुलाया गया एवं उन्हें संक्रमण से बचाव हेतु टिका लगवाया गया। जहां सूचना विभाग कार्यालय के अधिकारी सदस्य मौजूद रहे। शेष बचे अधिकारी, कर्मचारी व मीडियाकर्मियों का टिकाकरण जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जारी रहेगा।

# एडीएम प्रशासन एवं एडिशनल एसपी ने किया नगर में भ्रमण

**– मास्क लगाने पर दिया जोर**

**– नही लगाने वालो को दी हिदायद**

अमिटरेखा देवरिया ब्यूरो। आज अपर जिलाधिकारी प्रशासन कुवर पंकज एवं अपर पुलिस अधीक्षक राजेश सोनकर नगर में



पैदल भ्रमण कर कोविड प्रोटोकॉल के पालन की वास्तविकता को जाना। इस दौरान उन्होने लोगों से मास्क लगाये जाने की अपील भी किये तथा मास्क नही लगाने वालो को हिदायद भी दी। अधिकारी द्वय भ्रमण के दौरान लोगो से कहा कि कोविड गाइडलाईन का पालन करें क्योकि बचाव ही इस बीमारी से सर्वोत्तम उपाय है। मास्क जरूर लगाएं। अति आवश्यक होने पर ही घरों से निकले। उन्होंने कहा कि इस बीमारी से सतर्क रहे। बीमारी से सावधानी व सतर्कता बरतने की जरूरत है। आज दोनो अधिकारी एक साथ अपने दल बल के साथ नगर में पैदल भ्रमण किये।

# कोविड से मृत साथियों को एन0एच0एम0 संविदाकर्मियों ने 2 मिनट का मौन रखा

अमिटरेखा ( सह सम्पादक) कुशीनगर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर मयंक प्रताप सिंह व महामंत्री डा0 तव्वाब के आहवाहन पर अनपद कुशीनगर के सभी एन0एच0एम0 संविदा कर्मी आज दो जून को अपने कार्यस्थल पर दो



मिनट का मौन रख कोविड से मृत अपने साथी संविदा स्वास्थ्यकर्मियों की आत्मा की शांति हेतु शोक व्यक्त कर श्रद्धान्जली दिए। शोक संवेदना व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एन0एच0एम0) संविदा कर्मचारी संघ जनपद इकाई कुशीनगर के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि पूरे कोरोना काल मे जनपद के एन0एच0एम0 के अंतर्गत कार्यरत संविदा डाक्टर,पैरामेडिकल स्टाफ व बीपीएमयू जिस तरह से आपातकाल में न्यूनतम संसाधान में स्वास्थ्य विभाग का मोर्चा संभाला है उसे सरकार नजरअंदाज कर रही है कोविड ड्यूटी करते हुए हमारे बहुत सारे साथी काल के गाल में समा गए परंतु कोई लाभ इनके परिजनों को नहीं मिल सका ।सरकार हम संविदाकर्मियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है और एस्मा लगा कर हम संविदा कर्मियों को जायज मांग मांगने से रोक रही है जिससे सभी संविदा कर्मियों में सरकार के प्रति रोष व्याप्त है। कुशीनगर में विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों पे शोक व्यक्त करने वालों में जिला समन्यवक व संघ के संरक्षक चन्द्रशेखर यादव लड्डू, राजू यादव,डा0 संजय सिंह,डा0शिप्रा मिश्रा, अमित राय ,डा0दिलीप गुप्ता,डा0 सुबाष यादव,डा0रीता वर्मा,राकेश पाण्डेय,डा0 मधुसूदन मिश्र,इमरान अली ,आशुतोष मिश्र अमित श्रीवास्तव,रीना शर्मा,कुसुम,डा0 वेदप्रकाश तिवारी , अनूप कुमार गोंड़, कमलशंकर पाण्डेय, अरमान व आशुतोष मिश्रा,टीबी संघ अध्यक्ष राजीव राय आदि लोग उपस्थित रहे ।

# एक मानव का दूसरे मानव के लिए जीवन बचाने का साधन:जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार शारदा

**– डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा 350 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित**

अमित रेखा – राजू प्रसाद श्रीवास्तव

लखनऊ – कुरुक्षेत्र।



एडीआर सेंटर में राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ अशोक कुमार वर्मा द्वारा 350वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार शारदा मुख्य अतिथि के रूप में पधारे जबकि मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुष्यंत चौधरी की अध्यक्षता में शिविर संपन्न हुआ। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार ग्रोवर एवं जिला बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान मनोज कौशिक अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे हुए थे। मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार शारदा ने स्वयं भी रक्तदान किया और कहा कि यह अति पुण्य का कार्य है। रक्तदान न केवल महादान है अपितु एक मानव का दूसरे मानव के लिए जीवन बचाने का साधन भी है। शिविर की अध्यक्षता कर रहे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी दुष्यंत चौधरी ने कहा कि सभी को ऐसा पुण्य का कार्य करते रहना चाहिए। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार ग्रोवर ने भी रक्तदान किया और युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्तदान से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती है। शिविर संयोजक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से ही रक्तदान जैसा पुण्य का कार्य संभव हो रहा है। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी के समय यह उन द्वारा 33 वहां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है जिसमें लोगों ने रक्तदान कर अमूल्य जीवन बचाया है। इस अवसर पर सेवानिवृत्त मुख्य तकनीकी अधिकारी नरेश सैनी, कमल सैनी और एडीआर सेंटर के अधिकारी व कर्मचारियों ने सहयोग किया एवं विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर में इन्होंने किया रक्तदान – मदन पाल, संदीप, मुकेश, सतीश, कुलदीप, गुरमीत, बीर सिंह, देवेंद्र कुमार, न्यायधीश अजय, नयायधीश अमित कुमार, नवीन, संजीव, राजेश, विशाल, जगदीश चंद, रजत, अमित शर्मा, प्रदीप, विशाल शारदा, रविंद्र, संजीव, नरेश, मनीष, अमित आदि।

# क्षेत्रीय मंत्री डॉ परवेज की पहल पर बेलपार धनौती मार्ग के नवीनीकरण का मार्ग प्रशस्त

अमित रेखा मेहरौना लार। ग्राम पंचायत मेहरौना का संपर्क मार्ग बेलपार धनौती मार्ग तथा इसी से जुड़ा हुआ मेहरौना का संपर्क मार्ग पिछले साल हुई भारी बरसात के कारण काफी जर्जर हो गया है और पूरी तरह से गड्ढे में तब्दील हो गया है।आम जनमानस को आवागमन में काफी असुविधाएं हो रही हैं तथा आए दिन इस मार्ग पर दुर्घटना हो रही है। इस सड़क के नवीनीकरण के लिए भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री तथा ग्राम पंचायत मेहरौना के प्रधान प्रतिनिधि डॉक्टर शम्स परवेज समय समय पर इस सड़क की नवीनीकरण के लिए अपनी आवाज उठाते रहे और इसके लिए प्रयासरत रहें। इस संबंध में उन्होंने जनसुनवाई तथा मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी अपनी शिकायत को दर्ज कराया पर विशेष लाभ नहीं मिला। डॉक्टर शम्स परवेज ने बताया कि माननीय सांसद रविंद्र कुशवाहा जी के सौजन्य से विधानसभा भाटपार रानी में स्वीकृत रामपुर बुजुर्ग तथा प्रतापपुर में टूलेन सड़कों के शिलान्यास समारोह में लोक निर्माण विभाग के सभी अधिकारी व कर्मचारीयो से संपर्क हुआ और उसी सभा में माननीय सांसद रविंद्र कुशवाहा जी के सहयोग से उन्होंने अपनी ग्राम पंचायत के लिए प्रमुखता से इन सड़कों की नवीनीकरण के लिए मांग रखा । माननीय सांसद सलेमपुर रविंद्र कुशवाहा जी के सहयोग से यह दोनों सड़क नवीनीकरण के लिए स्वीकृत हो गई है और टेंडर प्रक्रिया में चली गई है। विभागीय कर्मचारियों से संपर्क करने पर ज्ञात हुआ कि कोरोना काल के कारण इन सड़कों का कार्य रुका हुआ था, अब बहुत जल्द बाकी औपचारिकताएं पूर्ण कर इस सड़क के नवीनीकरण का कार्य प्रारंभ करा दिया जाएगा । यह सड़क स्वीकृत होने की खुशी में डॉक्टर शम्स परवेज ने सर्वप्रथम लोकप्रिय सांसद सलेमपुर को धन्यवाद दीया है और लोक निर्माण विभाग के ए ई सोनकर साहब तथा जेई आर पी चौरसिया तथा नवीन चौरसिया जी को भी धन्यवाद दिया है। डॉक्टर शम्स परवेज ने इस मौके पर कहा कि भारतीय जनता पार्टी में बिना भेदभाव के और बिना जात पात के सभी प्रकार के विकास कार्य तीव्र गति से हो रहे है । लोक निर्माण विभाग के मंत्री और उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य जी के नेतृत्व में सभी गांवों को संपर्क मार्ग से जोड़ा जा रहा है और टूटी–फूटी सड़कों को अभियान चलाकर गड्ढा मुक्त करने का काम हो रहा है । सपा काल में टूलेन सड़के क्या होती है, यह हम लोग देखने के लिए तरसते थे, किन्तु भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही आज पूरे उत्तर प्रदेश में टूलेन और फोर लेन सड़कों का जाल बिछ रहा है। सरकार की बिना भेदभाव की नीति से एकबार फिर 2022 में उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है।

# चार दिन की बारिश में ये हाल तो अभी पूरा बरसात है बाकी

**– विगत कई वर्षो से ऐसे है हाल, क्षेत्र के नेता भी कर रहे अनदेखा**

अमित रेखा – दयानन्द चौरसिया

खड्डा – कुशीनगरं जनपद के खड्डा क्षेत्र अंतर्गत ग्रामसभा तुर्कहा के मेन रोड की हालत बहुत ही खराब है यह रोड खड्डा से लक्ष्मीपुर पड़रहवा होते हुए माघी भगवानपुर जाती है। जिस रास्ते से लोग खड्डा में मार्केट करने जाते है लगभग सारे काम उसी सड़क से आवागमन से होना है। तुर्कहां ग्रामसभा में प्रवेश करते ही जगह जगह पर मेन







रोड पर गड्ढा हो गया है और रास्ता कीचड़, पानी से भरा पड़ा है जिससे लोगो को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही लोगों को खड्डा मार्केट करने जानें लिए दूसरे रास्ते से लम्बी दूरी तय करके जाना पड़ रहा है। इस रास्ते की हालत केवल इस साल ही नही बल्कि विगत कई वर्षों से ऐसे ही है। थोड़ी सी भी बरसात होने पर पूरा रास्ता पानी से भर जाता है। साथ गांव में नालियां न होने से घर से निकलने वाला पानी भी रास्ते पर ही जमा होता है। ऐसे में सड़क का निर्माण कार्य कई बार होते होते आधी अधूरा रह जाता है तो कभी निर्माण कार्य होने के बावजूद भी पुनः वही स्थिति हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि इसकी शिकायत कई बार अपने क्षेत्र के नेता, विधायक तथा प्रशासन से किया गया है लेकीन कोई सुनवाई नहीं होता है।

# सड़क और नाली निर्माण को लेकर तनाव ग्रामीणों ने ठेकेदार पर लगाए गंभीर आरोप

अमित रेखा मुनीर आलम (राजन)

महराजगंज। कोठीभार थानाक्षेत्र के बीजापार के कर्बला टोला में मंगलवार को सड़क और नाली निर्माण में अनियमितता और दुर्गा पूजा मेला मैदान पर पिलर गाड़े जाने को लेकर दो वर्गों में तनाव हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची प्रशासन ने कार्य को रोकवा दिया है। सूत्रों के अनुसार कर्बला टोले पर एक ठेकेदार द्वारा नगरपालिका की तरफ से नाली और इंटरलॉकिंग निर्माण कराया जा रहा था। ग्रामीणों का कहना था कि ठेकेदार द्वारा सड़क को चौड़ा करने की नीयत से दीवाल से सटे पिलर को उखाड़ कर चार फुट आगे दुर्गा पूजा मेला मैदान में गाड़ दिया गया है।जिसको लेकर स्थिति तनावपूर्ण हो गई।

**मौके पर पहुंचे एसडीएम और अन्य अधिकारी**

ग्रामीणों का कहना था कि 10 वर्ष पूर्व निवर्तमान तहसीलदार और एसडीएम की उपस्थिति में पैमाइश कराने के बाद उक्त सड़क और नाली निर्माण हुआ था, और इस बार मानकों की अनदेखी कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। सूचना पर एसडीएम रामसजीवन मौर्य, सीओ डी. के. उपाध्याय और ईओ फोर्स के साथ पहुंचे थे। अधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से कार्य को रोकवा दिया। एसडीएम ने कहा कि परपंरागत भूमि पर बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेश के निर्माण कार्य नहीं होगा।

# एसडीएम फरेंदा का ट्रांसफर होने पर जायसवाल महासभा व व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने दिया विदाई

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। उपजिलाधिकारी फरेंदा राजेश कुमार जायसवाल का ट्रांसफर आगरा जनपद में होने पर मंगलवार शाम को जायसवाल महासभा उत्तर प्रदेश व उद्योग व्यापार मंडल बृजमनगंज व पत्रकार साथियों का एक प्रतिनिधि मंडल उपजिलाधिकारी के आवास फरेंदा पहुंच कर उनको विदाई दिया। उपजिलाधिकारी राजेश कुमार जायसवाल महराजगंज जनपद के चार तहसीलों में लगभग चार वर्षों तक जनपद में अपनी स्वच्छ व ईमानदार छवि के साथ सरल स्वभाव के लिए अपनी अलग क्षाप छोड़ चुके है। इस अवसर पर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष बृजमनगंज किशन जायसवाल व जायसवाल महासभा के प्रदेश महासचिव युवा व पत्रकार आशीष जायसवाल ने कहा कि एसडीएम राजेश जायसवाल जी अपने सरल स्वभाव के लिए हमेशा सबके दिलो पर राज करेंगे, फरेंदा तहसील क्षेत्र को आपकी कमी हमेशा खलेगी इस दौरान स्मृति चिन्ह व माला पहनाकर भावभीनी विदाई दिया गया। इस अवसर पर आशीष जायसवाल (पत्रकार दैनिक जागरण) महासचिव संगठन जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा उत्तर प्रदेश युवा, किशन जायसवाल उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष बृजमनगंज– महराजगंज, अमित जायसवाल वरिष्ठ प्रदेश सचिव, वरिष्ठ व्यापारी रूपनारायण जायसवाल, पत्रकार जगदम्बा जायसवाल मौजूद रहे।

# एडीएम वित्त ने की गेहूँ क्रय की समीक्षा

**– कृषकों का भुगतान 72 घंटे के अन्दर अनिवार्य रुप सुनिश्चित किये जाने का दिया निर्देश**

अमिटरेखा देवरिया ब्यूरो। जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी (वि०ध्रा०) उमेश कुमार मंगला ने



गेहूँ क्रय की प्रगति समीक्षा अपने कलक्ट्रेट कार्यकक्ष में की। उन्होने कम प्रगति वाले क्रय एजेन्सियों को फटकार लगाते हुए निर्देश दिया है कि वे कृषको से गेहूँ खरीदने में किसी प्रकार की बहानेबाजी का रवैया नही अपनायेगें तथा क्रय का भुगतान कृषकों के खाते में 72 घंटे के अन्दर उसे हर हाल में सुनिश्चित करायेगें। इससे अधिक समय किसी भी दशा में न लगे, इसके लिये उन्होने सचेत किया। एडीएम वित्त ने क्रय एजेन्सियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों का भुगतान लम्बित न रहे, इसे सभी को सुनिश्चित करना होगा। बोरे आदि की अनुपलब्धता की बहानेबाजी नहीं अपनायेंगे। बोरा आदि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। जनपद में बोरे की कहीं कमी नही है। सभी क्रय एजेन्सिया क्रय केन्द्रों पर बोरे की उपलब्धता सुनिश्चित रखेगें। श्री मंगला ने समीक्षा के दौरान पाया कि अब तक कुल 67858.90 मी0टन गेहूँ मूल्य धनराशि 134.02 करोड की क्रय की जा चुकी है, जिसके सापेक्ष 98.53 करोड की धनराशि का भुगतान कृषकों के बैंक खातो में किया जा चुका है। शेष धनराशि का भुगतान शीघ्र किये जाने का निर्देश दिया गया है। बैठक में क्रय एजेन्सियों के प्रतिनिधि गण एवं अन्य संबंधित जन आदि उपस्थित रहे।

# लॉक डाउन खुलते ही भटनी नगर में जगह जगह लगा जाम

अमित रेखा दिनेश गुप्ता तहसील प्रभारी

देवरिया। कई दिनों के लॉक डाउन के हटने के उपरांत दिन मंगलवार को भटनी नगर का नजारा कुछ अलग था क्योंकि नगर की सड़कों पर जगह जगह जाम की स्थिति दिखी ।गांधी चौक,मेन रोड व विकास रोड,116 नम्बर गेट के पास जाम दिखा और सबसे अलग नजारा भटनी नगर के विकास रोड का था जहां पर तीन तीन बैंक स्टेट बैंक,पूर्वांचल बैंक व केनरा बैंक स्थित हैं और इनके उपभोक्ता बैंक खुलने के बाद उमड़ पड़े तो जाम की स्थिति दिखी ।रामलीला मैदान से लेकर गाँधी चौक व मेन रोड में इस जाम की वजह से इस रास्ते आने वाले पैदल और मोटरसाइकिल सवार लोग हलकान हुए ।इस मौके पर पुलिस कर्मियों की भूमिका शून्य मात्र थी ।करीब 50 मिनट के जाम ने यह बता दिया कि अगर सुरक्षा व्यवस्था देखने वाले जिम्मेदार अपनी ड्यूटी के प्रति लापरवाह रहेंगे तो यह जाम आये दिन लगेगा ही।

# ग्राम प्रधान की तरह क्षेत्र पंचायत सदस्यों को भी मिलेगा मौलिक अधिकार:कैबिनेट मंत्री मोती सिंह

अमित रेखा राजू प्रसाद श्रीवास्तव/अभिजीत शर्मा

प्रतापगढ़। ब्लॉक सभागार पट्टी में बतौर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप उर्फ मोती सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि सभी ग्राम पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य को निर्वाचित होने की बधाई के साथ उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान को निधि मिलती है वेआपने ग्राम का विकास करते हैं लेकिन अभी भी क्षेत्र पंचायत सदस्य के घास कोई निधि नहीं है जिससे वह जनता में किए गए वादे को पूरा नहीं कर सकते इसलिए हमारी सरकार द्वारा क्षेत्र पंचायत सदस्यों को ग्राम प्रधान की तरह निधि दी जाएगी इस पर हम सरकार से वार्ता करते जल्द ही कार्यवाही करेंगे आगे उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास एवं मुख्यमंत्री आवास सभी गरीबी




रेखा के नीचे व्यक्तियों को मोहिया कराया जाएगा कोई भी व्यक्ति बिना छत से नहीं रहेगा यह हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है अगर किसी अधिकारी व कर्मचारी ने लापरवाही की तो उसे दंडित किया जाएगा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सांसद संगम लाल गुप्ता दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि जीते हुए क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधान बिना भेदभाव के गांव का विकास करें विकास के लिए धन की कमी नहीं होगी उक्त कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख राकेश कुमार सिंह बोलते हुए कहा कि गरीब जनता को आवास शासन की तरफ से मैया कराया जाए क्योंकि काफी लोग सूची में छूट गए हैं।और सभी के प्रति आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में ए के सिंह उपायुक्त आवास एवं अरविंद कुमार सिंह संयुक्त प्रशिक्षण एमपी सिंह संयुक्त मिशन निदेशक सहित तमाम अधिकारियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित किया उक्त कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष खेदन लाल जयसवाल एसडीएम पट्टी डीपी सिंह तहसीलदार विनोद कुमार गुप्ता सहित तमाम जिले के आला अधिकारीव ग्राम प्रधान प्रशुराम ओझा, मुसाफिर चौरी जगन्नाथ यादव सहित तमाम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

## ग्राम सभा तरया हरकेश का विकास कराना ही हमारा लक्ष्य:गायत्री चौहान

अमित रेखा – मनीष तिवारी

पिपराघाट – कुशीनगर। जनपद के विकास खंड सेवरही के ग्राम पंचायत तरया हरकेश के नवनिर्वाचित ग्राम महिला प्रधान गायत्री चौहान के पति आस्वानंद चौहान ने प्रेस वार्ता में कहा कि



गांव का विकास मेरी पहली प्राथमिकता होगी तथा सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों दिलवाना मेरा हर सम्भव प्रयास रहेगा स इससे कोई गरीब या पात्र व्यक्ति वंचित न रहे,इसका ध्यान रखूंगा और सदैव गरीबों की हर संभव मदद का आश्वासन दिये गए। इसी क्रम में ग्राम प्रधान गायत्री चौहान ने कहा कि यह जीत हमारी जीत नहीं बल्कि सभी ग्रामवासियों की जीत है स यह जीत समस्त ग्रामवासियों के दुआ,आशीर्वाद और प्यार स्नेह का परिणाम है स आज मैं बेहद खुश हूं कि बड़े बुजुर्गों के आशीर्वाद के कारण ग्रामसभा को संचालित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है स उन्होंने कहा कि चुनाव में किए गए हर वायदे को पूरा करने का प्रयास करूंगी और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा स इंदिरा आवास योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना,बृध्दा पेंशन,विधवा पेंशन,विकलांग पेंशन योजना,शौचालय जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के साथ ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त कर हर व्यक्ति को इसका लाभ देने का प्रयास करूंगा स संक्रामक रोगों से लोगों को बचाने के लिए गांव में समय,समय पर दवा का छिड़काव कराकर और साफ सफाई कराकर लोगों को बिमारियों से बचाने का प्रयास करूंगी। इसी दौरान प्रधान प्रतिनिधि आस्वानंद चौहान ने आगे कहा कि गांव के किसी भी व्यक्ति को कोई भी समस्या हो एक बार हमें अवगत अवश्य कराएं समस्या का समाधान करने का प्रयास करुंगा । अंत में प्रधानपति आस्वानंद चौहान कहा कि कोरोना बिमारी से घबराने की जरूरत नहीं है। बल्कि उसका सामना करें हौसला रखें स बिना आवश्यक काम के घर से बाहर न निकलें हमेशा मास्क का प्रयोग करें,साबुन से हाथ के नियमों का पालन करें स इस जागरूकता अभियान के दौरान ग्राम प्रधान गायत्री चौहान के साथ प्रधान प्रतिनिधि आस्वानंद चौहान,रविंद्र तिवारी,वीरेंद्र तिवारी,बाबू नंदन तिवारी,बेचू देवान,कियाबुद्दीन नेता,रहमतुल्लाह,आमिर,मुनीर,चंदन तिवारी,शुभम,राजीव,राहुल,,,सतीश,हरिलाल चौहान,महेश,रजनीश और मनजेश समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## इनरहा मदनपुर मे सड़क का बुरा हाल



**– राहगीरो व नगरवासियो को करना पड़ है रहा दिक्कत का सामना**

अमित रेखा – राज पाठक

सपहा कसया – कुशीनगर। कुशीनगर नगरपालिका के वार्ड संख्या 4,अंबेडकर नगर के इनरहा मदनपुर से नेशनल हाईवे पर जाने वाली मार्ग बुरी तरह से छतिग्रस्त हो गयी सड़क की मरम्मत न होने से व बारिश होने के कारण सड़क पर जलजमाव होने से क्षेत्रवासियो व राहगीरो को आने जाने मे रही है दिक्कत व कीचड़ मे गाड़ी फस जाना भी एक आम समस्या हो गई है।

## जल्दी निपटा ले बैंक के सभी काम, जून में 9दिनो बैंक रहेंगे बंद

अमितरेखा – कृष्णा यादव

तमकुही राज – कुशीनगर। अगर आप जून माह में अपने बैंक (Bank) के बहुत सारे कामों को निपटाने के बारे में सोच रहे हैं तो हमारी यह खबर आपके लिए ही है। क्योंकि जून के महीने में 9 दिनों के लिए बैंक बंद होने वाले हैं। आरबीआई ने जो छुट्टियों की लिस्ट जारी की है उसके अनुसार जून में कुल 9 दिन बैंक बंद (Bank Closed) रहेंगे। हम आपको इन छुट्टियों (Bank Holidays) के बारे में बता रहे हैं। जिसके हिसाब से आप अपने काम पूरे कर सकेंगे।




**खबरों के अनुसार**

जून माह के दूसरे और चौथे शनिवार और रविवार को तो बैंकों में छुट्टी होती ही है. अलग–अलग राज्यों में ये बैंकों की छुट्टियां अलग–अलग भी हो सकती हैं. केवल गजेटेड हॉलीडे (Gazetted holiday) में सभी बैंकों में एक साथ अवकाश होगा।

## सूचना



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मु.अ. स. 69/2021 धारा 363,504,506 आईपीसी थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर से संबंधित मुकदमा में पीड़िता कु.सुनीता पुत्री बिरजा प्रसाद निवासी भड़सरवा थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर के संबंध कोई जानकारी हो तो निम्नलिखित मोबाइल नं. पर सूचना दे।

प्रभारी निरीक्षक....9454403815
विवेचक.......३...३7905010415
पीड़िता के पिता......9918404402

## हरिहरपुर निवासी वाहन चालक मुन्ना खान की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत

**– पुलिस वाहन स्वामी को अभिरक्षा में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है।**

**– 112 नंबर पुलिस मृतक के घर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर तमकुही राज पुलिस चौकी भेज दिया**

अमितरेखा – कृष्णा यादव

तमकुही राज – कुशीनगर। प्राप्त समाचार अनुसार बुधवार की सुबह मृतक व्यक्ति के घर जब 112 नंबर पुलिस पहुंची तो मोहल्ले में खलबली मच गई मृतक की लाश हरिहरपुर थाना तरया सुजान निवासी मुन्ना खान पुत्र स्वर्गीय उमर खान उम्र लगभग 38 वर्ष की एक बोलेरो में उसके दरवाजे पर लगी थी की गाड़ी सहित पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पुलिस चौकी तमकुही राज भिजवा दिया तथा शिकायत पर वाहन स्वामी जो गाजीपुर के निवासी हैं उनको अपने साथ लेकर पुलिस चौकी ले गई जहां पर पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है।

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार मृतक बस ड्राइवर था जो गाजीपुर निवासी थाना तरया सुजान कि बस को लेकर चंडीगढ़ गया था उस पर दो ड्राइवर थे चंडीगढ़ से लौटते समय लखनऊ और फैजाबाद के बीच में दुर्घटना हो गई पुलिस सूत्रों की माने तो वाहन स्वामी का कहना है कि गाड़ी हमारी चंडीगढ़ से वापस तमकुहीराज आ रही थी दूसरा ड्राइवर गाड़ी चला रहा था लखनऊ और फैजाबाद के बीच में उसको नींद आने लगी मुन्ना खान पीछे सो रहा था जिस को जगाने गया तो वह मृत अवस्था में पाया गया जिसकी सूचना उसके घर वालों को दी गई तथा शव को उसके घर पहुंचा दिया गया। दूसरी तरफ घर वालों तथा कुछ लोगों का कहना है कि मुन्ना की गाड़ी चलाते समय दुर्घटना हुई हैजो शनिवार की घटना है ,मंगलवार की रात में सूचना मिली तत्काल मृतक का लड़का बबलू बस मालिक के बोलेरो जीप को लेकर घटनास्थल पर पहुंचकर के लाश को घर लाया जिसकी जानकारी पुलिस को हो गई सुबह बुधवार को तत्काल 112 नंबर पुलिस पहुंचकर लाश व बोलेरो को कब्जे में ले लिया शव को पुलिस चौकी भेज दिया। शव को पुलिस ने अनंत्ये परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना का खुलासा पुलिस कर सकती है तत्काल बस मालिक से पूछताछ जारी है बताते चलें कि अपने परिवार का ड्राइविंग करके।

गुजर बसर मुन्ना खान के द्वारा ही किया जाता था उसके 2 पुत्र तथा दो पुत्रियां हैं गरीब व असहाय है।

## नगर पंचायत तमकुही राज मे आज-कल टैक्सी स्टैंड की वसूली को लेकर वाद-प्रतिवाद का दौर जारी

**– मीडिया में छपी खबर से टैक्सी स्टैंड के ठेकेदार आहत**

**– प्रशासनिक अधिकारी मौन**

अमितरेखा – कृष्णा यादव

तमकुही राज – कुशीनगर। मीडिया में छपी खबर को लेकर कुछ पत्रकार एवं टैक्सी ठेकेदार मैं बात विवाद का दौर जारी हो गया है जो इस तमकुही के लिए अच्छी खबर नहीं हैविदित हो कि गत माह बिना मुनादी कराये टैक्सीस्टैन्ड की निलामी तो करा दी ग ई।निलामी मे दो पक्ष भाग लिया, प्रशासनीकदेख रेख मे लगभग36लाख रुपये मे निलामी हुई।उसके बाद वसूली शरु हुई,इसके पहले जब नगर पँचायतका दर्जा प्राप्त नही था तो भी वसूली प्राईवेट बसो से होती थी। इस धन्धे मे कुछ लोग ऐसे थे निलामी के बाद मिडिया ने खबर छापा कि टैक्सी–स्टैन्ड वसूली के नाम पर भारवाहन गाडियो से भी वसूली हो रही है प्रशासन मौन है। मिडिया से यह भी खबर आयी कि पत्रकार को धमकी भी दी जा रही है। इसी बीच ठिकेदार के साथ वसूली कर रहे लोगो के प्रति आप्ति जनक टिप्डि की ग ई, जिससे माहौलबिगड रहा है। आरोपो के तह मे जाने पर जो सच्चाई निकल कर आ रही है, वह चौकाने वाली है। आज के पहले जो भी लोग रहे हो एक पक्ष नेआरोपीत कर दिया कि उनके पास क ई प्राईवेट बसेहै।कसया शहर मे पक्के मकान है ऐसे लोग यहाघ्ं के कुछलोगो से साँठ–गाँठ कर उपर–नीचे तक सबको खुस करके अबैध तरिके से धन अर्जित कर बहुत आगे बढ़ गए हैं ठीक होने के बाद तरह तरह का आरोप लगया रहे हैं इस बात को लेकर इस समय मीडिया कर्मी तथा ठेकेदार के लोगों में अखबार वह फेसबुक के माध्यम से अनर्गल बातें हो रही हैं जो भविष्य में दुखद साबित हो सकती है प्रशासन इस पर मौन है विधि व्यवस्था के तहत तमकुही राज पड़ाव अड्डा की वसूली कानून के निमित्त हो प्रशासन इस पर आवश्यक कदम नहीं उठाती है तो किसी भी अप्रिय घटना की जिम्मेदारी अस्थानी प्रशासन की होगी।

## नए एडीओ पंचायत विवेक कुमार यादव ने पद भार ग्रहण किया

**– एडीओ रविन्द्र नाथ के रिटायरमेंट का हुआ विदाई समारोह**

अमित रेखा दिनेश गुप्ता तहसील प्रभारी

देवरिया। दिन मंगलवार को नए एडीओ (पंचायत) विवेक कुमार यादव ने अपना पद भार सम्भाल लिया।बता दें कि विवेक यादव ने पूर्व एडीओ रविन्द्र नाथ सिंह के सेवानिवृत्त होने के बाद यह पदभार सम्भाला है जिन्हें जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा दिन मंगलवार को पदभार ग्रहण कराया गया।इस मौके पर बीडीओ व सारे सेक्रेट्री ने नवनियुक्त एडीओ विवेक कुमार यादव को इस मौके पर मिठाई खिलाई।इसके एक दिन पहले सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) रविन्द्र नाथ सिंह सेवानिवृत्त हुए थे।जिस मौके पर बीडीओ नवीन सिंह ने इन्हें स्मृति चिन्ह देकर विदा किया था और ब्लॉक के सारे कर्मचारी व सफाईकर्मियों ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया था।रविन्द्र नाथ भटनी में दो वर्ष तक तैनात रहे और अपने कुशल व्यवहार के लिये जाने जाते थे।

## एसपी नार्थ गुलरिया रोड पर सख्ती से लॉक डाउन का कराया पालन

अमितरेखा खजनी गोरखपुर। कोरोना संक्रमण का खतरा कम नही हुआ है उत्तरी सर्किल के गुलरिहा थाना अंतर्गत मेडिकल कॉलेज रोड पर पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी स्वयं सड़कों पर उतर कर लाक डाउन का सख्ती से कराया पालन। बेवजह सड़कों पर घूम रहे लापरवाह लोगों तथा बिना अनुमति के आधे शटर खोलकर अपनी दुकान संचालित कर रहे लोगों को सख्ती से लॉक डाउन का पालन करा कर कोरोना प्रोटोकॉल के तहत चालान किया। उत्तरी सर्किल की पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ आंशिक कर्फ्यू का पालन करवाने के लिए कड़ी मेहनत करती हुई नजर आ रही है एसएसपी दिनेश कुमार पी के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी गुलरिया थाना क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज रोड पर बेवजह आधा शटर खोलकर दुकान संचालित करने वाले दुकानदारों तथा बेवजह सड़कों पर घूम रहे लोगों को पूरी मुस्तैदी के साथ आंशिक कर्फ्यू का अनुपालन करवाया पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी स्वयं गुलरिया रोड पर उतर कर कोरोना संक्रमण प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों व बेवजह घूम रहे लोगों हो सख्ती से अनुपालन करवाया एसपी उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी थाना प्रभारी गुलरिया विनोद अग्निहोत्री चौकी प्रभारी मेडिकल कॉलेज उप निरीक्षक गौरव कनौजिया के साथ आंशिक कर्फ्यू का सही से पालन करने के लिए बताया गया किसी तरह की कोई भी लापरवाही न हो इसके लिए एसपी उत्तरी ने पूरी तरह से सड़को पर उतर कर मोर्चा संभाल लिया है और जहाँ जहाँ पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गयी है वहाँ पर पहुच कर सभी को ब्रीफ भी किया की बेवजह किसी को आने जाने न दे कोरोना प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन कराये जिससे कोरोना संक्रमण फैलने से रोका जा सके । मेडिकल कॉलेज रोड पर पैदल गस्त भी किया आमजनमानस के बीच पुलिस की मौजूदगी और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का अहसास भी करवाया गया। गस्त के बाद एसपी उत्तरी के द्वारा वाहनों की संघन चेकिंग की गई तमाम ऐसे लोग जो सड़को पर बेवजह निकल कर घूम रहे थे उन्हें कोरोना प्रोटोकॉल के तहत कार्यवाही किया।

## नौतनवा न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर डाक्टरों की टीम को फास्ट फूड किट एवं स्टीम मशीन किया गया वितरण

अमित रेखा मुनीर आलम(राजन)

महराजगंज। उप्र उद्योग व्या.प्र. मंडल युवा जिला इकाई ने आज नौतनवा न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नौतनवा में बवअपक–19 का वैक्सीनेशन के क्रम में डाक्टरों की टीम को फास्ट फूड का किट एवं स्टीम मशीन वितरण कर मेडिकल टीम का उत्तसाहवर्धन किया। सन्तोष अग्रहरि इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ अशोक कुमार, चिकित्सा अधिकारी डॉ राजीव शर्मा, डॉ इंद्रजीत सिंह, एल एम ओ शिफाली गुप्ता, फार्मासिस्ट संजय जायसवाल स्टाफ अमिशा विलियम, प्रेम लता, टीवी विभाग राघवेंद्र मणि त्रिपाठी, संदीप पांडे, वार्ड बॉय महेंद्र गौड़, फर्स बहादुर भंडारी को फास्ट फूड किट प्रदान किया गया। इस अवसर पर युवा जिलाध्यक्ष संतोष अग्रहरी, जिला उपाध्यक्ष किशन खेतान, जिलाउपाध्यक्ष मनोज टिबड़ेवाल, वरिष्ठ महामंत्री अनिल श्रीवास्तव, जिला मीडिया प्रभारी उमाकान्त मद्धेशिया, पंकज श्रीवास्तव, राजा वर्मा, सन्त जायसवाल, संजीव बेरीवाला, मनोज गुप्ता, गणेश मद्धेशिया आदि लोग उपस्थित रहे हैं।

## सेवरही नगर पंचायत की दुर्व्यवस्थाओं को लेकर पूर्व अध्यक्ष का मौन धरना

अमित रेखा – रामाशंकर

कुशीनगर। जनपद के तमकुही तहसील अन्तर्गत सेवरही नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष त्रिभुवन जायसवाल पूर्व निर्धारित






कार्यक्रम के अनुसार सेवरही नगर स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष मौन कार्मिक अनशन पर बैठ गए। पूर्व अध्यक्ष का कहना है कि नगर पंचायत सेवरही आजकल दुर्व्यवस्थाओं का शिकार हो गया है कस्बे की सभी प्रमुख मार्ग गढ्ढे में तब्दील हो गया है ।उन्होंने ने विधायक, नगर पंचायत अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी पर हमला बोलते हुए कहा कि इन तीन लोगे के ढुलमुल रवैया के कारण नगर पंचायत की स्थित दैनीय हो गई हैं। आपको बताते चलें कि देश को आजादी से मुक्ति दिलाने वाले महात्मा गांधी की प्रतिमा परिसर में गंदगी का भरमार है जिस गांधी के नाम पर कांग्रेस पार्टी राजनीति करती है उसी पार्टी के विधायक व प्रदेश अध्यक्ष होने के बाद भी नगर की स्थिति दैनीय हो गई है तो वहीं सेवरही नगर के नगर पंचायत की विकास कार्य धरातल पर नगण्य है वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष ,ईओ मुक दर्शक बने हुऐ है।सनद रहे की पहली बरसात ने ही नगर पंचायत की विकास की पोल खोल कर रख दी है नगर के सभी प्रमुख मार्ग खण्डहरों में तब्दील हो चुका है और जिम्मेदार अपने जिम्मेदारी से भाग रहें है पूर्व अध्यक्ष ने कहा की मेरी मांगे पूरी नहीं होती है तो आमरण अनशन के लिए बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## नगर पंचायत सेवरही की मुख्य सड़कें सहित सभी वार्डो की सड़कें ध्वस्त

**– बदहाल सड़क को लेकर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष त्रिभुवन जायसवाल का धरना जारी**

अमित रेखा – शैलेश कुमार बंटी

तमकुही राज सेवरही – कुशीनगर। इस सड़क का देखो तमाशा अपने जीवन की छोड़ दो आशा। दुर्घटना का यही प्रतीक




सड़क की हालत नहीं है ठीक। क्षेत्रवासी करे इंतजार यह सड़क कब बनाएगी सरकार रेलवे स्टेशन से जाने वाली बेहद खस्ताहाल सड़क को लेकर तमाम प्रकार की परेशानी झेलनी पड़ रही है पूरी सड़क पर दिखते हैं सिर्फ गढ़े चनरी चौराहे से रेलवे स्टेशन तक की दूरी तय करने में काफी समय लगता है पूरी सड़क पर छोटे बड़े गढ्ढे है कहीं कहीं सड़क ही गायब हो गई है इस मार्ग पर करीब 35 गांव पड़ते हैं जहां के ग्रामीण इस खस्ताहाल सड़क की वजह से बाजार में आने से कतराते हैं आए दिन कोई घायल होता है तो कहीं कहीं किसी की मौत की खबर आती है गाड़ियां खस्ताहाल होती रहती है और जाम की हालत झेलनी पड़ती है पूरी दूरी तय करने में आधा घंटा की बजाय एक घंटे से भी अधिक समय लग जाता है धरना दे रहे पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष त्रिभुवन जायसवाल का कहना है कि अध्यक्षऔर अधिशासी अधिकारी की हठधर्मिता से सेवरही की मुख्य सड़क की बार बार निविदा आमंत्रित कर हर बार निविदा निरस्त करने से सड़क गढ्ढों में तब्दील हो चुका है जिम्मेदारो पर इसका कोई असर नहीं इस बार भी निविदा आमंत्रित कर जिम्मेदार लोग हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं अध्यक्षअधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सेवरही द्वारा जब तक नगर के मुख्य सड़क पर निर्माण कार्य शुरू नहीं करा दिया जाता है तब तक नगर हित में कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए प्रत्येक बुधवार को प्रात.10 से सायं 5 बजे तक अकेला मौन बैठकर नगर की मुख्य सड़क को अविलंब बनवाने के लिए धरना जारी रहेगा।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक तथा सम्पादक अमरनाथ पाण्डेय द्वारा अमित प्रिन्टर्स कालेज रोड फाजिलनगर से मुद्रित ग्राम बरदहा पाण्डेय फाजिलनगर कुशीनगर से प्रकाशित।

सम्पादक
अमरनाथ पाण्डेय
मो. – 9532989009

उप सम्पादक – के.के. राय

सह. सम्पादक– चन्द्रशेखर यादव

प्रदेश प्रभारी– राजू प्रसाद श्रीवास्तव
मो०– 9792617070

विज्ञापन व्यवस्थापक– नसरूल्लाह अंसारी

प्रबंधक– निखिल कुशवाहा

ईमेल : amitrekhaksn@gmail.com

समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र कुशीनगर न्यायालय के अधीन ही होगें।